संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -151 सोमवार ,03 अप्रैल 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सासाराम हिंसा और धमाके के बाद गंभीर हैं हालात

**» अब तक 32 उपद्रवी गिरफ्तार; स्टेशन पर फोर्स तैनात**

**सासाराम (रोहतास)02 अप्रैल 2023(ए)।** बिहार के सासाराम में हुई हिंसा के तीसरे दिन भी शहर में तनाव का माहौल और फोर्स की तैनाती रही। हालांकि अधिकांश इलाकों में जनजीवन सामान्य रहा। वहीं, शनिवार को हुए बम धमाके में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

इसी बीच शहर में जगह-जगह पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई। रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा इंतजाम को कड़ा कर दिया गया है। सासाराम में हिंसा की वजह से ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपना कार्यक्रम टालना पड़ा था। हालांकि, शाह ने रविवार को नवादा में जनसभा को संबोधित कर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सासाराम नहीं आने को लेकर वहां की जनता से माफी मांगते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार शांति नहीं ला सकते हैं। बहरहाल, हिंसा पर हो रही राजनीति के बीच आइए जानते हैं कि जमीनी हालात कैसे हैं?

### झोपड़ीनुमा मकान में हुआ था बम धमाका, दो गिरफ्तार

स्थानीय नगर थाना क्षेत्र के शेरगंज मोहल्ले में शनिवार रात हुए बम धमाके में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी रेफर कर दिया गया। घायलों के नाम पता अभी तक नहीं मिल पाया है। घटना के बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा मौके से एक स्कूटी बरामद की है।

एसपी विनीत कुमार ने बताया कि देर रात उक्त मोहल्ले के एक झोपड़ीनुमा मकान में बम विस्फोट होने की सूचना पर उनके व डीएम धर्मेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की गई।

मामले के वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पटना से फारेंसिक टीम बुलाई गई है, जो अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### धार्मिकस्थल पर बम फेंके जाने की अफवाह उड़ी

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा किसी धार्मिकस्थल पर बम फेंके जाने की अफवाह उड़ाई जा रही है, जो कि सरासर गलत है। प्रथमदृष्टया विस्फोटक हैंडलिंग का मामला प्रतीत होता है।

घटनास्थल पर जूते व खून के धब्बे देखे गए हैं जिनकी वैज्ञानिक जांच कराई जा रही है। एफएसएल की दो टीम जांच का काम कर रही हैं।

इसमें एक टीम एक्सप्लोसिव की जांच करेगी तथा दूसरी टीम बायोलाजिकल सैंपल के माध्यम से जांच करेगी। जितने भी संवेदनशील स्थान हैं, वहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उनके द्वारा खुद इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।

विस्फोट की जानकारी मिलते ही तत्काल सभी घायलों को पुलिस की निगरानी में सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। डीएम ने अफवाहों को बढ़ावा ना देने व पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

### शहर में पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती,अभी तक 32 उपद्रवी गिरफ्तार

शहर के कुछ हिस्सों में दो दिन पूर्व से उपजे विवाद और तनावपूर्ण



माहौल को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। शनिवार रात से शहर केंद्रीय सुरक्षा बल के रैपिड एक्शन फोर्स की भी एक-एक कंपनी बुलाई गई है। इसके अलावा लगभग 1500 से अधिक पुलिस कर्मी शहर की सुरक्षा में तैनात हैं।

एसपी विनीत कुमार ने बताया कि मामले में रविवार तक दोनों पक्षों के 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि तीन जिले कैमूर, औरंगाबाद और भोजपुर जिले की पुलिस, एसएसबी के जवान समेत पर्याप्त संख्या में जिला पुलिस बल को लगाया गया है।

जो हर पल पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। डीएम व एसपी द्वारा लगातार रात में भी गश्त लगाकर हालात का जायजा ले रहे हैं।

डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि किसी प्रकार के अफवाह की सूचना प्राप्त होने पर उनके द्वारा खुद इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।

### गिरफ्तार लोगों के मोबाइल फोन जब्त, संदिग्ध वाट्सएप ग्रूप होने का पता चला

गिरफ्तार कुछ लोगों के मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। जिसमें कुछ संदिग्ध वाट्सएप ग्रुप बने होने का पता चला है।

उस ग्रुप के माध्यम से भी हिंसा भड़काने के लिए सूचनाओं का आदान प्रदान किए जाने का साक्ष्य मिला है। पुलिस द्वारा लगातार हर बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

लगभग डेढ़ हजार पुलिसकर्मी शहर में गश्त लगा रहे हैं। डीएम ने अफवाहों को बढ़ावा ना देने व पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

### तनाव के बाद प्रभावित इलाके में तीसरे दिन भी बंद रही दुकानें

रामनवमी जुलूस के बाद दो पक्षों के बीच उपजे विवाद के बाद हुए उपद्रव के बाद तीसरे दिन रविवार को भी प्रभावित इलाकों में दुकानें बंद रहीं। इससे व्यवसायियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित इलाके नवरतनबाजार, गोलाबाजार, जानी बाजार, चौक बाजार, सराय रोड, चौखंडी, मंडई में स्थित बाजारों की दुकानें बंद रहीं।

इन इलाकों में लगातार पुलिस निगरानी कर रही है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी जगह-जगह धूम कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाती रही।

शनिवार रात को एक मकान में अचानक हुए विस्फोट के बाद कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसे प्रशासन की सक्रियता से नियंत्रित कर लिया गया।

सामान्य दिनों की तरह शहर के धर्मशाला रोड, पुरानी जीटी रोड, रौजा रोड, गौरक्षणी समेत अन्य इलाकों में स्थित दुकानें खुली रहीं। शहर के उपद्रव ग्रस्त इलाकों को छोड़ अधिकांश इलाकों में जनजीवन सामान्य रहा।

डीएम धर्मेंद्र कुमार के अनुसार सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त कर दिए गए हैं। उपद्रवी व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

### तनाव को देखते हुए सासाराम रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पुख्ता

रामनवमी जुलूस के बाद शहर में उपजे तनाव को देखते हुए रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को पुख्ता कर दिया गया है। पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए सासाराम रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

फोर्स द्वारा लगातार रेल परिक्षेत्र में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। रविवार को भी आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रेलवे ट्रैक तक फ्लैग मार्च कर स्थिति का जायजा लिया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि तनाव को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती विभाग की ओर से की गई है।

तैनात सुरक्षा बलों द्वारा स्टेशन परिसर में फ्लैग मार्च कर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

तकिया रेलवे क्रासिंग से लेकर धनपुरवा गुमटी तक भ्रमण कर स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की जा रही है।

# बीजेपी कर्नाटक चुनाव में अपनाएगी गुजरात वाली रणनीति



## हर नेता को 2 से 3 सीट की जिम्मेदारी दी गई है और मुश्किल सीटों पर जीत की संभावना को बढ़ाने के लिए कहा गया

**» राज्य के नेताओं को सौंपेगी जिम्मेदारी**

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023(ए)।** कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी गुजरात चुनावों की रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी और प्रचार-प्रसार में राज्यों के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

बकौल भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी ने केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों सहित विभिन्न राज्यों के 50-60 नेताओं को चुनाव प्रचार का प्रभार दिया है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बीच एक बैठक हुई। बैठक में पार्टी नेताओं को राज्य में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने को कहा गया।

सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी, पार्टी सांसद निशिकांत दुबे, रमेश बिधूड़ी, संजय भाटिया, बिहार के विधायक संजीव चौरसिया, उत्तर प्रदेश के विधायक सतीश द्विवेदी और आंध्र प्रदेश के नेता पी सुधाकर रेड्डी शामिल मौजूद रहे, जिन्हें कई चुनाव प्रबंधन का अनुभव है।

### भाजपा ने प्रदेश की 115 सीटों को किया चिह्नित

भाजपा ने 224 विधानसभा सीटों में से 115 सीटों को चिह्नित किया है। हर नेता को 2 से 3 सीट की जिम्मेदारी दी गई है और मुश्किल सीटों पर जीत की संभावना को बढ़ाने के लिए कहा गया।

गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान भगवा पार्टी ने पार्टी के प्रमुख नेताओं को चुनावी जिम्मेदारियां सौंपी थीं। जिसका परिणाम पूरे देश ने देखा था। भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए सत्ता में वापसी की थी। ऐसे में पार्टी कर्नाटक में इसी रणनीति के साथ आगे बढ़ने का मन बना चुकी है।

### कर्नाटक में कब होगा चुनाव ?

राज्य की 224 विधानसभा सीटों के लिए 10 मई को चुनाव होने वाला है, जबकि 13 मई को चुनावी परिणाम सामने आएंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 121 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन को 100 सीटें हासिल हुई थीं। जिनमें से कांग्रेस ने 70 और जेडीएस ने 30 सीटों पर जीत दर्ज की थी।



# हमारी लड़ाई पीएम मोदी से है,बीच में न पड़ें

**» असम के सीएम को खालिस्तानी संगठन एसएफजे की खुली धमकी**

**नईदिल्ली,02 अप्रैल 2023(ए)।** खालिस्तान समर्थक और अमृतपाल के साथियों ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को धमकी दी है। धमकी भरे संदेश में कहा कि हमारी लड़ाई भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से है। असम के मुख्यमंत्री इस बीच में न पड़ें। वे हिंसा के शिकार होने से बचें। खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत के संगठन सिख फोर जस्टिस के समर्थकों ने उन्हें धमकी दी है। उन्होंने कहा कि आप हमारे बीच में न पड़ें। हमारी लड़ाई आपसे नहीं है। खालिस्तान समर्थकों और अमृतपाल के साथियों को गिरफ्तार करके असम की जेल में रखा गया है। इसको लेकर खालिस्तान समर्थक गुस्से में हैं। इसके लिए उन्होंने असम के मुख्यमंत्री को धमकी देना शुरू कर दिया है। असम के करीब 12 पत्रकारों को फोन कर धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को गुरुपतवंत सिंह पन्नू (एसएफजे)का सदस्य बताया है।

# कंज्यूमर कोर्ट अत्याचारपूर्ण कृत्यों से जुड़े मामलों का फैसला नहीं कर सकती : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023(ए)।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि उपभोक्ता अदालतें (कंज्यूमर कोर्ट) तथ्यों के अत्यधिक विवादित प्रश्नों या कपटपूर्ण कृत्यों या धोखाधड़ी जैसे आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतों का फैसला नहीं कर सकती हैं। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा आयोग के समक्ष कार्यवाही प्रकृति में संक्षिप्त होने के कारण, तथ्यों के अत्यधिक विवादित प्रश्नों या कपटपूर्ण कृत्यों या धोखाधड़ी जैसे आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतों को उक्त अधिनियम के तहत मंच/आयोग द्वारा तय नहीं किया जा सकता है।पीठ ने आगे कहा, सेवा में कमी, साथ ही तय की गई, को आपराधिक कृत्यों या अत्याचारपूर्ण कृत्यों से अलग करना होगा। अधिनियम की धारा 2(1)(जी) के



अनुसार, सेवा में प्रदर्शन की गुणवत्ता, प्रकृति और तरीके में इरादतन गलती, अपूर्णता, कमी या अपर्याप्तता के संबंध में कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

# खालिस्तान समर्थकों को जयशंकर की दो टूक

**» किसी ने झंडे का अनादर करने की कोशिश की, तो और बड़ा लगाऊंगा**

**बेंगलुरू ,02 अप्रैल 2023 (ए)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को खालिस्तान समर्थकों को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सैन फ्रांसिस्को में बर्बरता की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ऐसा भारत नहीं है, जो अपने राष्ट्रीय ध्वज को किसी के द्वारा नीचे खींचे जाने को स्वीकार करेगा।



### जयशंकर ने दिया सख्त संदेश

विदेश मंत्री ने धारवाड़ में बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की। दरअसल, भाजपा महानगर इकाई की ओर से धारवाड़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

बकौल एजेंसी जयशंकर ने कहा कि हमने पिछले कुछ दिनों में लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सैन फ्रांसिस्को में कुछ घटनाएं देखी हैं... यह ऐसा भारत नहीं है, जो अपने राष्ट्रीय ध्वज को किसी के द्वारा नीचे खींचे जाने को स्वीकार करेगा।

उन्होंने कहा कि जब यह घटना हुई, तो हमारे उच्चायुक्त ने उससे भी बड़ा झंडा उस इमारत में लगा दिया। यह केवल वहां के तथाकथित खालिस्तान समर्थकों के लिए एक बयान नहीं था, यह अंग्रेजों के लिए भी एक बयान था कि अगर कोई इसका अनादर करने की कोशिश करेगा, तो मैं इसे (राष्ट्रीय ध्वज) और भी बड़ा कर दूंगा।

### भारतीय उच्चायोग में लगाया गया था विशाल झंडा

उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के पास करीब 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान के झंडे लहराते हुए दिखाई दिए थे। जिसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय उच्चायोग में एक विशाल झंडा लगाया गया था।

इस दौरान करीब 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़ने की भी कोशिश की थी। पुलिसकर्मियों पर पानी की बोतलें और स्याही भी फेंकीं थीं। खालिस्तान समर्थकों ने 19 मार्च को भारतीय उच्चायोग में भारत के तिरंगे को नीचे उतारने की कोशिश की थी। साथ ही वहां पर तोड़फोड़ की थी। इस मामले में भारत ने अपराधियों की गिरफ्तारी और मुकदमा चलाने की मांग करते हुए खालिस्तान तत्वों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जिसको लेकर दिल्ली में ब्रिटेन के सबसे वरिष्ठ राजनयिक तत्काल प्रभाव से तलब किया गया था।

# राहुल 2 साल सजा के खिलाफ आज सूरत कोर्ट जाएंगे



**नईदिल्ली,02 अप्रैल 2023(ए)।** 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में सूरत कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी करार दिया था। ठीक दूसरे दिन यानी 24 मार्च को राहुल की लोक सभा सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी। 11 दिन बाद राहुल फैसले के खिलाफ सूरत की सेशन कोर्ट में याचिका लगाने वाले हैं।

# यूपीए सरकार पर अरबों के घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023(ए)।** कांग्रेस का फाईल बीजेपी नया हथियार साबित हो सकता है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार पर करप्शन के गंभीर आरोप लगाते



हुए कांग्रेस फाइल्स एपिसोड वन जारी किया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार पर हजारों करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया गया है।

### वीडियो फॉर्मेट में कांग्रेस पर तीखा हमला

बीजेपी की तरफ से जारी कांग्रेस फाइल्स वीडियो पर रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा ने आरोप लगाया गया कि यूपीए के कार्यकाल में ₹ 48,20,69,00,00,000... का घोटाला हुआ। यूपीए कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कांग्रेस पर वीडियो फॉर्मेट में हमले का पहला एपिसोड रविवार को जारी किया गया।

करप्शन के आरोप, पहला एपिसोड भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो का पहला एपिसोड पोस्ट करते हुए लिखा,

### कांग्रेस फाइल्स का पहला एपिसोड,

कैसे कांग्रेस के राज में एक के बाद एक भ्रष्टाचार और घोटाले होते गए। वीडियो कंटेंट देखकर कहना गलत नहीं है कि ये चुनावों से पहले बीजेपी का नया और बेहद घातक हथियार साबित हो सकता है। कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार शीर्षक वाले वीडियो संदेश में, भाजपा ने कहा, कांग्रेस ने अपने 70 वर्षों के शासन में जनता से ₹48,20,69,00,00,000 लूटे हैं। उस पैसे का उपयोग सुरक्षा और विकास के कई उपयोगी क्षेत्रों के लिए किया जा सकता था। कांग्रेस ने लोगों की गाढ़ी कमाई लूटी करीब तीन मिनट के इस वीडियो में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में, भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने लोगों की गाढ़ी कमाई के अरबों रुपये लूटे हैं। वीडियो में 1.86 लाख करोड़ के कोयला घोटाले का भी जिक्र किया गया है।


# 14 साल की बच्ची के पेट में मिले ढाई किलो बाल

**» कैसे पहुंचा ये इतना बड़ा गुच्छा अंदर**

**बिजनौर,02 अप्रैल 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां बच्ची के पेट से ढाई किलो बाल निकला। सवाल ये है कि सिर का बाल इतनी अधिक मात्रा में बच्ची के पेट में आखिर कैसे पहुंचा।

### क्या हैं पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक मासूम बच्ची की बचपन से बाल खाने की आदत उसकी जान के लिए आफत बन गई। जब उसके पेट में तेज दर्द होने लगा, तो डॉक्टरी जांच में पता चला कि मासूम बच्ची के पेट में बालों का गुच्छा है। इस तरह पेट में बाल का गुच्छा होने का खुलासा हुआ है।बाल के गुच्छे को निकालने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत के बाद डॉक्टर के पैनल ने सर्जरी कर पेट से 2 किलो से अधिक बाल आखिरकार पेट से बाहर निकाला। इस तरह सफलता पूर्वक ये ऑपरेशन किया गया।



### अल्ट्रासाउंड में हुआ खुलासा

आपको बता दें कि बिजनौर शहर की रहने वाले महज 14 साल की मासूम बच्ची पिछले कई सालों से चोरी-छिपे बाल खा रही थी। बाल खाते-खाते मासूम बच्ची के पेट में बालो का भारी-भरकम गुच्छा पेट में जमा हो गया। इसकी वजह से मासूम बच्ची को अक्सर पेट में दर्द, उल्टी होती थी। ऐसे में वह कुछ खा भी नहीं पा रही थी। वहीं, बच्ची के पिता ने डॉक्टर प्रकाश के पाच बच्ची को ले गए। तब डॉक्टर ने उसके पेट का अल्ट्रासाउंड किया, तब अल्ट्रासाउंड में खुलासा हुआ और बच्ची के पेट में बालों के गुच्छे वाली गांठ नजर आई।

### कैसे पनपती है बाल-खाने की बीमारी?

इस मामले में डॉ प्रकाश ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये बीमारी अक्सर महिलाओं में कम देखने को मिलती है। बाल-खाने की बीमारी मानसिक रूप से पनपती है, जिसके तहत बाल खाने की आदत पड़ जाती है। बालों के गुच्छे को मेडिकल जुबान में ट्राईकोबेजार भी कहा जाता है।डॉक्टर के मुताबिक ट्राईकोबेजार बीमारी बहुत रेयर बीमारी है, ये लाखों में से किसी एक को होती है। फिलहाल, डॉक्टर प्रकाश ने पेट की सर्जरी कर पेट से लगभग ढाई किलो बाल का गुच्छा निकाल दिया है। वहीं, सर्जरी के बाद बच्ची स्वस्थ है, लेकिन अस्पताल में भर्ती है।

## संपादकीय

# एकता का विकल्प नहीं

बात यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है? विपक्षी दलों में राष्टीय स्तर पर अभी दिख रही एकजुटता आगे चल कर क्या शक्ल लेगी, इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। अगर एकता टिकी भी रही, तो यह अगले आम चुनाव में कितनी प्रभावी होगी, इस बारे में भी अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। फिलहाल सिर्फ यह साफ है कि विपक्षी दलों ने महसूस किया है कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है- अगर अब वे साथ नहीं आए, तो एक-एक कर सबका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। बात सिर्फ राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई की नहीं है। बल्कि यह यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो यह वाजिब सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है? जाहिर है, तमाम विपक्षी दल ऐसा ही महसूस कर रहे हैं। मानहानि के प्रावधान का जिस तरह सियासी इस्तेमाल हुआ है, उसने अब जाकर विपक्षी समूहों की आंख खोली है।

जिस मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता गई, उसकी सुनवाई करीब चार साल तक चली। अब जाकर अचानक कार्यवाही क्यों तेजी हुई, इसको लेकर विपक्ष अपने अपने निष्कर्ष निकाले हैं। राहुल गांधी के खिलाफ इसके पहले भी मानहानि के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र, असम, झारखंड आदि में उनके खिलाफ मानहानि के कई मुकदमे चल रहे हैं। लेकिन मानहानि ही विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए सरकार के पास इकलौता जरिया नहीं है। भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों के आधार पर केंद्रीय एजेंसियों का विपक्ष के नेताओं को ही निशाना बनाना इसी सिलसिले की एक कड़ी मानी गई है। गुजरात में एक कांग्रेस कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री की तस्वीर फाड़ने के आरोप में सजा हुई है, तो दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वाले पोस्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने दर्जनों मामले दायर किए हैं और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐसा इसके पहले आजाद भारत में कभी नहीं हुआ। विपक्ष ने इस घटनाक्रम का संदेश समझा है, यह अच्छी बात है।

# नफरती भाषा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सबकी आंखें खोल देने वाला है कि जब राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे और नेता धर्म के जरिये राजनीति में ऊंचे मुकाम हासिल करने का ख्वाब छोड़ देंगे तभी हेट स्पीच को खत्म किया जा सकता है। हेट स्पीच को दुष्चक्र बताते हुए कोर्ट ने कहा कि इससे फायदा उठाने के प्रयास में छोटी मानसिकता के लोग ऐसे-ऐसे भाषण देते हैं जिनसे हालात में तनाव के सिवा कुछ हासिल नहीं होता। कोर्ट की टिप्पणियां नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने को लेकर राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आई। कोर्ट ने कहा लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। वे दूसरे समुदायों को अपमानित न करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते । एक याचिकाकर्ता के वकील ने जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने



महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिये गये नफरती भाषणों के संबंध में एक समाचार रिपोर्ट का हवाला दिया था । इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समाचार रिपोर्टों के आधार पर याचिका दायर करने पर आपत्ति की । इस पर बेंच ने कहा कि हम समझते हैं कि क्या हो रहा है । तव सॉलिसिटर जनरल ने कहा, कि याचिकाकर्ता को सभी धर्मों में नफरत फैलाने वाले भाषणों को इकट्ठा करने और समान कार्रवाई के लिए अदालत के समक्ष रखने का निर्देश दिया जाये । सालिसीटर जनरल जैसे ऊंचे स्तर से याचिकाकर्ता जैसे व्यक्ति से ऐसी अपेक्षा न्यायसंगत नहीं लगती। यह काम तो पूरी तरह सरकारों का है कि ऐसी घटनाओं पर नजर रखें और आवश्यक कार्रवाई करें । इसी कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए बेंच ने पूछा कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद क्या कार्रवाई की गई । कहा कि शिकायत दर्ज करने से अभद्र भाषा की समस्या का समाधान नहीं होने वाला । तब सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि नफरत भरे भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं । पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा था कि संविधान भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है, और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड सरकारों को अभद्र भाषा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था । सरकारों को ऐसे मामलों में तुरन्त और कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये।

**अजय दीक्षित**

-बुरा ना मानो विचार है-

# क्या पुलिस सर्वव्यापी है ?

» **कोतवाल बन जाये तो हो जाये कल्यान,मानव की तो क्या चले डर जाये भगवान ?**

» **जिस समय करेगे धारण वर्दी खुद आ जायेगी ऐंठ-अकड़-सख्ती-बेदर्दी!**

**पुलिस सर्वव्यापी है:-** पुलिस आकाश पाताल कही भी जा सकती है, ऐसा सभी लोग कहते है कहा जाता है की पुलिस से बच के कहाँ जायेगा? पुलिस तुम्हे ढूंढ ही लेगी, अगर राम भगवान् के ज़माने में पुलिस होगी तो उसके इंस्पेक्टर पक्का है हनुमान जी रहे होते, अभी कुछ दिन पहले पुलिस ने अहम् सुराग ढूंढ लिया था किसी चैट कांड का, इसका मतलब पुलिस यदि आवश्यकता पड़े तो भविष्य और भूत काल की भी यात्रा कर सकती है, इसका प्रमाण किसी अख़बार में छपी एक खबर से मिल सकता है जिसमें एक व्यक्ति एक साल बाद बताता है की जिस नम्बर से चैट वायरल हुआ था वह एक पुलिस वाले का था, तो फिर एक पत्रकार पर मुकदमा क्यों दर्ज हुआ?

पुराणों में पुलिस को रक्षिन कहा गया है अर्थात जो रक्षा करे, पुलिस एक ऐसा शब्द है जिसके श्रवण मात्र से मन में शंशय उत्पन्न हो जाता है, पुराणों में पुलिस को रक्षिन कहा गया है अर्थात जो रक्षा करे, परन्तु हम भारतीय जो अपनी हर समस्या का निदान पुराणों में ढूँढने के अभ्यस्त बन चुके है, पुराणों से पुलिस शब्द की परिभाषा नहीं ढूंढ पाए और नतीजा हमें आधुनिक पुलिस के रूप में मिला है, वैसे तो पुलिस दिखने में हमारे ही जैसा होती है पर उसकी कुछ अलौकिक शक्तिया उन्हें विशिष्ट बना देती हैं, जो कुछ अभी तक अपने अनुभव किया उसी से मैं जान पाया हूँ की पुलिस के बारे में आपसे बाँट रहा हूँ, पुलिस का शरीर मनुष्य का ही होता है पर वह शक्तिमान की तरह एक विशिष्ट कवच या अगर पुलिस बुरा न माने तो वर्दी पहनती है, इस वर्दी को भारत में खाकी नाम से जाना जाता है, विदेश में भी कोई नाम होगा है पर अभी हम अपने देश की बात करे तो बहतर होगा, इस खाकी के अतिरिक्त पुलिस के हाथ में मनुष्य जाति का सबसे शाश्वत अस्त्र या शश्त्र जो भी आप पसंद करते है जिसे आजकल लोग डंडा कहते हैं, इन दो शक्तियों के बल पर पुलिस सर्वशक्तिमान बन जाती है।

इस सबसे इतर पुलिस की वर्दी की महिमा तो अपरम्पार है बिना वर्दी के यदि एक पुलिस जा रहा है तो आप उससे झगडा भी कर सकते है और गाली भी दे सकते है थोडा और उत्साही हैं तो झापड़ मार भी सकते है पर यदि पुलिस ने अपना



दिव्य वस्त्र (मेरा मतलब वर्दी) धारण कर ली तो फिर आप कोई हों आपकी हिम्मत नहीं पड़ेगी की कुछ चुन-चन कर दें, इस वर्दी के प्रताप से पुलिस बिना भाड़े के ही किसी भी बस में यात्रा कर सकती है और किसी भी दुकान से कोइ सामान ले सकती है मेरा मतलब एक बार तो ले ही सकती है मित्रो इसे गुंडई मत कहना, इसे तो दबंगई कहते है जो वर्दी धारण करते ही शरीर में उत्पन्न हो जाती है, ये जो वर्दी है, कई संस्कारों के बाद प्राप्त होती है और उसपे कुछ कूट वाक्य लिखा रहता है जिससे की उसमें शक्ति आ जाती है यह वर्दी कभी मैली नहीं होती है, भले ही दागदार हो जाय , अजी! जब से सर्फ़ एक्सेल आया है तब से तो दाग अच्छे है न? वर्दी में कई जेबें होती है जिनकी तह कहाँ तक जाती है, कोई आज तक जान नहीं पाया है, इसमें कुछ भी डाल दीजिये, सिवाय उस पुलिस के कोई भांप भी नहीं सकता की सामान कहाँ गया, अभी मैंने सुना है की इस गुण से प्रभावित होकर विज्ञानियों की टीम ब्लैक- होल पर नया सिद्धांत देने जा रही है, जिसमे कुछ भी चला जाये तो बाहर नहीं आ सकता है, पुलिस आ सकती है पर वो सिर्फ पुलिस को पता है की ये कैसे होता है विज्ञानी नहीं जानते हैं।

पुलिस की दूसरी दिव्य शक्ति उसका डंडा है उसका डंडा किसी जादूगर के डंडे से कम नहीं है जादूगर के डंडे से तो चीज लगता है की 'पैदा होती हैं÷ पर अगर ऐसा होता तो जादूगर या मदारी खेल दिखने के बाद ये क्यों कहता की जो कुछ भी आपकी श्रद्धा हो चढ़ा दीजिये? पर पुलिस का डंडा इन सबसे इतर सचमुच में ही चीजें पैदा कर सकता है जैसे अगर पुलिस सब्जी की दुकान पे डंडा पटक दे तो एक टाइम की सब्जी पोलीथिन में भर के निकल जाती है, अगर पुलिस चाय की दुकान में डंडा पटक दे तो उसके लिए एक गिलास चाय निकल आती है और पान की दुकान में पटक दे तो पान उत्पन्न हो जाता है, जिसे पुलिस शीघ्र ही भक्षण कर लेती है अगर पुलिस यही डंडा किसी गाड़ी पर पटक दे तो उससे नोट निकल आते हैं, मैंने ये करिश्मा सड़क पर कई बार देखा है पुलिस के इस डंडे में अद्भुत शक्तिया समायी है जैसे ये किसी भी चीज को रोक सकता है, कोई भी गाड़ी हो, ट्रक हो, बस हो और या कोई पैदल ही क्यों न हो? डंडा आगे आया की फिर आगे नहीं बढ़ सकते, एक बार एक ट्रक वाला आगे बढ़ गया था तो उसकी ट्रक जो रायपुर से उड़ीसा जा रही थी, अगले थाने से आगे नही बढ़ सकी, अभी पुलिस ने धरती पर चलायमान हर वस्तु पर डंडे से रोक लगाने का सफल परीक्षण कर लिया है, अब ये मत कहना की रेलगाड़ी पर नहीं किया है, अजी! पुलिस चाहे तो रेलगाड़ी भी डंडे से रोक सकती है पर सरकार ने पुलिस से ऐसा न करने की विनती की है।



**रवि सिंह**
कटकोना
कोरिया (छत्तीसगढ़)

## पोखर सा रहना सीखें

मनमोहक है ताल तलैया।
नाचे मेंढक ताता थैया।।
साँप केचुआ मछली रानी।
साथ सभी रहते हैं पानी।।
बीच ताल में कमल विराजे।
पंखुड़ियों से पोखर साजे।।
पात पात जल बूँदें ठहरे।।
मोती बन कर देते पहरे।।
बच्चे बूढ़े सभी नहाते।
तैर तैर आनंद उठाते।।
सूर्य किरण की पड़ती लाली।
लगे स्वर्ण की है ये प्याली।।
वृक्ष लगाते यहाँ किनारे।
उनमें बैठे पक्षी सारे।।
चींव चींव कर शोर मचाते।
पीकर जल को प्यास बुझाते।।
पोखर सा तुम रहना सीखो।
मीठी बातें कहना सीखो।।
बढ़े एकता भाईचारा।
एक रहे परिवार हमारा।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## भोले में मन रमता

मन जब रमता है भोले में,
क्यूं दूसरे का ध्यान धरूं,
भोले हैं इस जग के ज्ञाता,
फिर भक्ति का भाव भरूं।
मन जब रमता ....
ये संसार असार बना है,
तज दे मोह के प्याले को,
भूल करूं ना कभी भूल से,
भाग जगाने भोले से।
मन जब रमता .....
माया कभी नहीं व्यापा करती,
जो भोले को भजता है,
मन का जो श्रंगार करे तो,
तन सुंदर हो जाता है।
मन जब रमता ....
भले झूठ की लंबी रेखा,
सत्य बिंदु से कटती है,
जो भोले का साथ धरा तो,
वह जीवन को तरती है।
मन जब रमता ....
कर ले भलाई अपने करों से,
जो भोले से नाता है,
जीवन में सच्चा सुख तो बस,
देने से ही आता है।
मन जब रमता ....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

## स्कूल चले हम

आ गया फिर से अप्रैल का महीना,
नई कक्षाओं में
प्रवेश पाने का महीना।
शुरू हो गई अभिभावकों से अपील,
देते हम शिक्षा की
उपयोगिता की दलील।
नौनिहालों के भविष्य की देते दुहाई,
शिक्षा हेतु बच्चों की करते अगुवाई।
आधार बनवाकर ही आए विद्यालय,
तत्पश्चात ही सुनिश्चित हो नामांकन।
निहशुल्क किताबें
कार्यपुस्तिका के साथ,
मिलेगा डीबीटी जैसी
सुविधाओं का लाभ।
उन्नीस पैरामीटर पर
स्कूल हो रहे संतृप्त,
सरकार द्वारा मिशन
कायाकल्प से तृप्त।
शिक्षक प्रशिक्षण लेकर
समृद्धता की ओर,
निपुणता की तरफ अग्रसर चहुंओर।
नई ऊर्जा से ओतप्रोत हुआ प्रांगण,
विद्यालय बना
बच्चों का घर-आंगन।
निपुण होते बच्चे विद्यालय की शान,
मेरा भारत महान,स्वप्न होगा साकार।



**डा.शीला चतुर्वेदी शील**
देवरिया,
उत्तरप्रदेश

# हे भगवान ! कृपया टैगिंग से बचाओ!

आज के अपने इस आलेख में मैं जिस विषय को केंद्र बिंदु रखकर चल रही हूं,शायद वह किसी प्रकार की समस्या नहीं है और यदि सोच कर देखा जाए तो आज के सोशल मीडिया के युग में इससे बढ़कर शायद कोई दूसरी समस्या नजर भी नहीं आती है। यूं तो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने के बाद इसके फायदों के साथ-साथ इसके नुकसानों से भी हम सभी भली-भांति अवगत हो ही जाते हैं।सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों को धीरे धीरे स्वतः समझ में आने लगता है कि यहां उत्पन्न परेशानियों और दिक्कतों को किस प्रकार हैंडल किया जाए और इन समस्याओं से खुद को कैसे बचाया जाए ।किंतु कुछ समस्याऐं इस प्रकार की भी यहां नित्य प्रतिदिन उत्पन्न होती हैं जिनका कोई सिर पैर नहीं होता परंतु फिर भी हमें उन समस्याओं से जूझना पड़ता है।



आज के इस आलेख में मैंने टैगिंग की समस्या को हाईलाइट करने की कोशिश की है ।टैगिंग की समस्या का हम सभी हर दूसरे दिन सामना करते हैं और शायद ही कोई जन होगा जिसे इस समस्या से दिक्कत महसूस न होती हो । किसी भी पोस्ट को अधिक से अधिक प्रचार करने का सबसे सशक्त माध्यम टैगिंग ही माना जाता है।टैगिंग करना गलत नहीं होता, किंतु जिस व्यक्ति को आपने अपनी पोस्ट में टैग किया है ,यदि इसके लिए आपने उनकी अनुमति नहीं ली है और आपकी पोस्ट से उस अमुक व्यक्ति का कोई विशेष लेना देना भी नहीं है तो यह समस्या का कारण अवश्य बन जाती है। अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर मैं यह बता सकती हूं कि आए दिन फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर इसी प्रकार के अनेक सोशल मीडिया ऐप्स या हैंडल्स पर जब लोग बात बेबात हमें अपनी पोस्ट में टैग करते हैं तो हमारे साथ साथ हमारी फ्रेंड लिस्ट में शामिल मित्रगण और दोस्तों को भी विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि जरूरी नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति इस प्रकार की टैगिंग से प्रभावित न होता हो, कई लोग होते हैं कि उन्हें किसी भी मंच पर कोई भी व्यक्ति या समूह कितनी बार भी टैग करें ,उन्हें फर्क नहीं पड़ता ।परंतु यह उनका व्यक्तिगत मामला हो सकता है, उनकी अपनी रूचि हो सकती है। परंतु ,जिस प्रकार पांचों उंगली बराबर नहीं होती उसी प्रकार सभी लोग बराबर नहीं होते। अधिकतर लोगों को मैंने यही कहते लिखते सुनते देखा पढ़ा सुना है कि फलां व्यक्ति ने मुझे बिना बात ही अपनी पोस्ट के साथ टैग कर दिया जबकि मेरा उनकी इस पोस्ट से कोई लेना-देना ही नहीं था और फिर वे सेटिंग में जाकर या तो खुद को उस पोस्ट की टैग से हटा लेते हैं और या फिर कभी-कभी तो भविष्य में उन्हें कोई टैग ही न कर पाए, इस प्रकार की सेटिंग भी वे अपने फेसबुक,इंस्टाग्राम,ट्विटर इत्यादि पर सेट कर लेते हैं।

जिन पोस्ट का संबंध समाज के एक बड़े तबके से होता है अथवा पोस्ट में आप से संबंधी कोई बात या मैसेज छिपा होता है तो आप उस अमुक विशेष व्यक्ति को टैग कर सकते हैं लेकिन अपनी हर पोस्ट को सार्वजनिक बनाते समय अधिक लोगों तक पहुंचाने की मंशा से सबको ही टैग कर देना कदापि उचित नहीं और न ही सहन करने वाली बात है क्योंकि टैगिंग करने से वह पोस्ट न केवल उन लोगों तक पहुंचती है जिन्हें आपने टैग किया है अपितु उन लोगों तक भी पहुंचती है जो टैगिंग किए गए लोगों के कांटेक्ट में शामिल होते हैं ।हमें दूसरों की निजता और परेशानियों को भी ध्यान में रखना चाहिए और उन सभी बातों से बचना चाहिए जो दूसरों के लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं।

सोशल मीडिया पर आजकल इतने अधिक समूह सक्रिय हो गए हैं कि अपने समूह में सदस्यों की संख्या बढ़ाने और अपनी पोस्ट को अधिक से अधिक प्रसारित करने के उद्देश्य से वे समूह में शामिल सभी सदस्यों, रचनाकारों,कवियों साहित्यकारों या लेखकों को टैग कर देते हैं जिनकी संख्या अमूमन हजारों में होती है। परंतु टैग करते समय वे इस बात को भूल जाते हैं कि जरूरी नहीं है कि समूह में शामिल हर रचनाकार या व्यक्ति विशेष टैग होना पसंद करता हो। अंततः्होता क्या है कि समूह में शामिल व्यक्तियों को समूह छोड़ने के अतिरिक्त दूसरा कोई विकल्प समझ नहीं आता और वे मजबूरन उस समूह को छोड़ देते हैं अथवा इस प्रकार की सेटिंग डाल देते हैं कि भविष्य में उन्हें कोई उनकी मर्जी के बिना किसी पोस्ट के साथ टैग ही न कर पाए। अभी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर ही एक पोस्ट सामने आ रही थी जिसमें एक साहित्यकार ने अपने उस आलेख को साझा किया था जिसमें उन्होंने टैगिंग की समस्या को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग रखी थी। पढ़कर अच्छा लगा, परंतु साथ-साथ दुख भी हुआ कि क्यों कुछ लोग अपने तुच्छ स्वार्थ को पूरा करने के लिए दूसरों के डिसकंफर्ट को, परेशानी को भूल जाते हैं और बेवजह उन्हें टैग करने लगते हैं। लोग यदि टैगिंग से परेशान न होते होते तो जैसे उन प्रतिभाशाली साहित्यकार ने टैगिंग को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की बात कही वह बात कभी निकलकर ही न आती ।जाहिर सी बात है कि लोग टैगिंग की इस समस्या से बहुत अधिक परेशान हो रहे हैं। बावजूद इस सब के भी लोग टैग करने से बाज नहीं आते।यह भी संभव है कि टैग करने वाले लोगों को टैगिंग की वजह से होने वाली परेशानियों को जब स्वयं झेलना पड़ेगा तभी उन्हें टैगिंग की वजह से होने वाली दिक्कतों के बारे में अंदाजा लग पाएगा।

अपने इस साधारण से आलेख के माध्यम से मैं सोशल मीडिया से जुड़े सभी लोगों से गुजारिश करूंगी कि टैगिंग की समस्या को लोगों के लिए एक प्रकार की आपदा बनने से बचाएं और टैगिंग का इस्तेमाल बहुत ही सावधानी और सतर्कता के साथ करें। जहां इसकी बहुत अधिक अर्थात नितांत आवश्यकता हो,केवल वहीं इसका इस्तेमाल करें । महज़ प्रचार ,प्रसार और वाहीवाही लूटने के उद्देश्य से टैगिंग के महत्व को किसी भी सूरत में कम न होने दें।



**पिंकी सिंघल**
नई दिल्ली

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर नए-नए इतिहास रच रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं और अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान 'एलएमवी3' (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी माह में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है।


वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक



हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है। एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है।

वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लांच करने का लक्ष्य रखा गया है। एस सोमनाथ का कहना है कि वह गगनयान मिशन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर काफी प्रसन्न हैं। भारत ने अपने ही बलबूते पर लंबे समय से अंतरिक्ष में अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें सफलता के जरिये स्वयं को एक मजबूत केन्द्र के रूप में विश्व के समक्ष साबित किया है। भारत ने विश्व के अन्य देशों के मुकाबले विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर उच्चस्तरीय कार्यों के जरिये वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में बेहतर और सुरक्षित विकल्प पूरी दुनिया को दिया है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले में कई देशों और अतंरिक्ष कम्पनियों का भरोसा अब इसरो की वाणिज्यिक शाखा पर बढ़ रहा है।

बहरहाल, अंतरिक्ष की दुनिया में इसरो जिस प्रकार लगातार सफलता का परचम लहरा रहा है, उससे अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में विश्वभर में भारत का दबदबा और मान निरन्तर बढ़ रहा है। इसरो के ऐसे सफल मिशनों की बदौलत भविष्य में इसरो को आर्थिक लाभ तो होगा ही, अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिकों का दम भी देखेगी और इससे दुनिया के छोटे देश भी अपने अभियानों के लिए भारत की ओर आकर्षित होंगे, जो निश्चित रूप से भारत की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। इसरो ने वनवेब के 36 उपग्रहों के साथ एलवीएम-3 की नवीनतम उड़ान से जरिये अब जो उपलब्धि हासिल की है, उससे भी अंतरिक्षीय प्रयोगों के मामले में दुनिया की नजर में भारत की अहमियत एक बार फिर से स्थापित हुई है। एक तरफ जहां अमेरिका सहित कई देशों के अंतरिक्ष मिशनों को झटके लगते रहे हैं और उनका अंतरिक्ष कार्यक्रम पिछड़ रहा है, वहीं इसरो लगातार सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। यही कारण है कि अपने उपग्रहों के अतंरिक्ष में प्रक्षेपण के लिए दुनिया अब बड़ी उम्मीदों से इसरो का रूख कर रही है।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़,
नई दिल्ली

# पर्यावरणीय अपराध : देरी से बिगड़ रही बात

हाल ही में गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट' ने एक रिपोर्ट में बताया है कि देश में पर्यावरण से जुड़े अपराध चार फीसद की दर से बढ़ रहे हैं।

हालांकि इन मामलों का निस्तारण बहुत धीमी गति से हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो इन मामलों के निपटारे में कई दशक लग जाएंगे।

देश की विभिन्न अदालतों में पर्यावरण से संबंधित अपराधों के 1.36 लाख मामले सुनवाई के लिए लंबित हैं। अदालतों द्वारा रोज 130 मामलों का निपटारा किया जा रहा है, लेकिन बैकलॉग खत्म करने के लिए प्रतिदिन 245 मामलों का निपटारा होना जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में जिस गति से पर्यावरणीय अपराध बढ़ रहे हैं, उस गति से इनका निपटारा नहीं हो पा रहा है। आज पर्यावरण का क्षेत्र एक बड़ा आपराधिक क्षेत्र बनता जा रहा है, लेकिन इसे दूसरे अपराधों की तुलना में उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता है। यही कारण है कि पर्यावरणीय अपराधों के निपटारे में लापरवाही बरती जाती है।

'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट' द्वारा जारी यह रिपोर्ट पर्यावरण के क्षेत्र में पनप रहे खोखले आदर्शवाद की तरफ भी इशारा करती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय वन अधिनियम, 1927 और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत दर्ज लगभग 19,000 मामले लंबित हैं और मौजूदा दर से इन मामलों का निपटारा करने में अदालतों को 14 साल 11 महीने लगेंगे।

**रोहित कौशिक**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# 50 करोड़ के राशन घोटाले में भ्रष्टाचारियों पर हो सख्त कार्यवाही:भाजपा सरगुजा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह,वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर,प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, पूर्व ओ. बी. सी. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी,पूर्व सांसद कमलभान सिंह,पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह,नगर निगम नेता प्रत्तिपक्ष प्रबोध मिंज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ नेता पार्षद आलोक दुबे, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फुलेश्वरी सिंह, भाजपा अम्बिकापुर नगर अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, जिला संवाद प्रमुख सन्तोष दास तथा सह संवाद प्रमुख रुपेश दुबे ने आज एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि सरगुजा जिले के 360 सार्वजिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों में हुये लगभग 50 करोड़ के राशन घोटाले में भ्रष्टाचारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही हो तथा गरीब जनता का चोरी गया राशन उन्हें वापस किया जाये। भाजपा नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी सरकार में गरीबों का राशन भी भ्रष्टाचारियों ने गबन कर लिया, ऐसी सरकार को बने रहने का अब कोई अधिकार नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार के खाद्य मंत्री के गृह जिले में जब राशन घोटाला हो रहा हो तो पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का क्या हाल होगा यह सोंचने की बात है। भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबी यह सरकार गरीबों का चावल तक नहीं छोड़ रही, आम जनता इस सरकार से त्रस्त हो चुकी है तथा आने वाले चुनाव में सबक सिखाने का इन्तजार कर रही है। आगे अपने संयुक्त बयान में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मामले की तह तक जाकर जांच और कार्यवाही नही हुई तथा मामले में किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप कर मामले को दबाने की कोशिश हुई तो भाजपा सरगुजा सड़क पर उतरकर आन्दोलन करेगी तथा गरीब जनता का राशन उन्हें वापस दिलवायेगी।



# ड्रग्स तस्करी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

» आरोपी के कब्जे से 32 नग अवैध नशीला इंजेक्शन जब्त



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

गांधीनगर पुलिस ने 32 नग नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

नशे के खिलाफ सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गांधीनगर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही थी। पेट्रोलिंग केंद्रों महुआपारा चर्च ग्राउंड मे एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर लुकने छिपने लगा जो संदेह होने पर संदेही की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया। अपना नाम मनीष राव साकिन गांधीनगर का होना बताया। संदेही की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से कुल 32 नग नशिला इन्जेक्शन जप्त किया गया। घटना के सम्बन्ध मे आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नशीला इंजेक्शन के बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश करना बताया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने से सदर धारा 22(सी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया है।

निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे, स उ नि नवल किशोर दुबे,आरक्षक प्रविंद्र सिंह, अरविन्द उपाध्याय, अमृत सिंह, अजय तिवारी, असलम अंसारी, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।



## निधन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

शिवधारी कॉलोनी निवासी रामेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव 72 वर्ष का निधन रायपुर में इलाज के दौरान हो गया है। परिवार में पुत्र सतीश श्रीवास्तव पुत्रवधु, पुत्री व नाती पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनकी अंतिम यात्रा सुबह 10.00 बजे निवास स्थान से शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# बीजेपी का गांव चलो,घर-घर चलो अभियान 6 से 14 अप्रैल तक



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा सरगुजा के आह्वान गांव चलो घर घर चलो अभियान की तैयारी हेतु मंडल लखनपुर, कुन्नी व उदयपुर की संयुक्त बैठक लखनपुर सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र सोनी, मंडल प्रभारी संजीव सेठ संयोजक मयंक जायसवाल, सहसंयोजक सूरज नामदेव, अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, अजय सोनी के विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यक्रम गांव चलो घर घर चलो अभियान को आगामी 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस से अभियान का गणेश किया जायेगा और 6 से 14 अप्रैल तक आभियान चलाया जाएगा। आभियान के तहत् केंद्र की मोदी सरकार की लोक हितकारी सभी योजनाओं, उपलब्धियों और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की नाकामी को गांव गांव घर घर जाकर बताया जाएगा। बैठक का संचालन हर्षवर्धन पांडेय व आभार दीपक साहू ने किया।बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री सत्यनारायण साहू, दिनेश बारी, कुंजबिहारी गुप्ता, सत्यदेव दास महंत, श्यामलाल जायसवाल,लक्ष्मणसाहू,मनोरंजन गुप्ता,दीपक गुप्ता,सुदर्शन मानिकपुरी, भूपेश चौधरी,सचिन बारी, रूप सिंह, सरन साय, देव कुमार , सुंदर ,महेश, मानसिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बलरामपुर की थालियों में अब स्वाद के साथ-साथ परोसी जाएगी पौष्टिकता

» मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिलेट कैफे के तहत संभाग का पहला सेहत बाजार का कृषि व आबकारी मंत्री ने किया लोकार्पण

» आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बनाया रागी डोसा






- संवाददाता -
बलरामपुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना मिलेट मिशन योजना के तहत सरगुजा संभाग का पहला सेहत बाजार का लोकार्पण आज बलरामपुर जिला मुख्यालय में संसदीय कार्य, कृषि विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे व आबकारी, वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री श्री कवासी लखमा के कर कमलों से किया गया। इस दौरान प्रदेश के दोनों कैबिनेट मंत्रियों ने सेहत बाजार में तैयार किये गए व्यंजनों का स्वाद लेते हुए, जिलेवासियों को बधाई दी।

इस मौके पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने संभाग का पहला सेहत बाजार खुलने पर लोगों को बधाई दी, साथ ही मिलेट कैफे योजना के तहत खुले मिलेट कैफे का नाम सेहत बाजार रखने पर उन्होंने कलेक्टर की पीठ भी थपथपाई इस मौके पर लोगों से कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम सब की थालियों से पौष्टिकता कब गायब हो गई हमें पता ही नहीं चला, मिलेट मिशन योजना के तहत आपके जिले में खोला गया यह सेहत बाजार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई एक अभिनव पहल है, जिसके तहत एक बार फिर हम सब की थालियों में स्वाद के साथ पौष्टिकता भी परोसी जाएगी और एक स्वस्थ छत्तीसगढ़ होने का सपना साकार किया जा सकेगा। वहीं लोकार्पण के लिए पहुंचे आबकारी वाणिज्यक कर विभाग के मंत्री कवासी लखमा ने एक बार फिर अपने अनोखे अंदाज से वहां पर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया मिलेट कैफे के लोकार्पण पर आए मंत्री कवासी लखमा ने ना सिर्फ मिलेट कैफे मे बने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया बल्कि उन्होंने मिलेट कैफे में रागी डोसा भी बनाया उनका डोसा बनाने के अनोखे अंदाज ने वहां के लोगों का दिल जीत लिया और लोगों ने मंत्री के इस अंदाज की जमकर तारीफ भी की।

जिला प्रशासन की पहल पर जिले का पहला सेहत बाजार आज से अस्तित्व में आ गया है,जहाँ सेहत की कॉम्बो डील जिलेवासियों को मिलेगी,इस सेहत बाजार की खासियत रागी और कोदो निर्मित रागी का डुस्का, इडली,दही बड़ा, सांभर बड़ा, रागी के लड्डू ,रागी के कुकीज,इसी प्रकार कोदो की खीर व सिंघाड़े का हलवा जैसे व्यंजन सेहत बाजार में बिक्री किये जायेंगे।

# 30 हजार रूपये कीमत की नशीली कफ सिरप सहित एक गिरफ्तार




» थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम चमनपुर (चेमी) थाना चलगली निवासी शनि मिया अपने पास नशीली कफ सिरप रखकर ग्राम शिवपुर में ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस की टीम ने ग्राम शिवपुर में घेराबंदी कर तनज्जुल रहमान उर्फ शनि पिता स्व. खलीलुल रहमान उम्र 45 वर्ष को पकड़ा जिसके कब्जे से ऑनरेक्स कफ सिरप 60 नग जिसकी बाजारू कीमत करीब 30 हजार रूपये है जिसे जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई राजेश तिवारी, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक रामाधीन श्यामले, भूपेन्द्र सिंह, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अरविन्द पाण्डेय, अवधेश कुशवाहा, मनोज राय, अनिल एक्का प्रवीण पैंकरा व निरंजन एक्का सक्रिय रहे।



# गोबर से निर्मित पेंट यूनिट का हुआ लोकार्पण

- संवाददाता -
बलरामपुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप सुराजी गांव योजना के तहत जिले के बड़कीमहरी में गोबर से निर्मित पेंट यूनिट का लोकार्पण कृषि विकास मंत्री रविन्द्र चौबे,आबकारी व उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने किया ।बलरामपुर शहरी गौठान में संचालित इस गोबर पेंट यूनिट में तीन महिला स्व सहायता समूह की 30 महिलाएं शामिल है,तथा प्रतिदिन 800 लीटर पेंट का निर्माण किया जाएगा। जिले के पहले पेंट यूनिट का गोबर पेंट ग्रीन अर्थ एन्ड ग्रीन फुट पेंट (ए एल एफ) के नाम से मार्केट में उपलब्ध होगी।



इस दौरान संसदीय सचिव व सामरी विधायक चिंतामणी महाराज, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह,कलेक्टर विजय दयाराम के.,पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील सहित जिले के निवार्चित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरे खंभे से टकराकर पण्डो युवक के मौत की जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
लखनपुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।



लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवभूडू मार्ग में 1अप्रैल दिन शनिवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरे खंभे से टकराकर पंडो जनजाति व्यक्ति की मौत हो गई। एक युवक घायल हो गया। लखनपुर पुलिस के द्वारा रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द करते हुए मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोनू पंडो पिता मिस्त्री पंडो उम्र लगभग 30 वर्ष ग्राम बेलदगी निवासी अपने साथी कुमडेवा निवासी विष्णु पंडो के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर लब्जी ढेलवाबर अपने ससुराल गया हुआ था। लोसगी देवभुडु बाजार आने के दौरान बाइक सवार विष्णु ने बाइक पर से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरे। सोनू पण्डो खंभे से जा टकराया जिससे उसके सीने में अंदरूनी चोटें आई वही विष्णु पंडो को मामूली चोट आई। सेलरा के झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा घटनास्थल पर ही सोनू पण्डो का उपचार किया गया था। इधर घायल के परिजनों द्वारा 5-45 बजे एंबुलेंस 108 को फोन किया गया सूचना मिलते ही एंबुलेंस 108 के चालक कृष्ण कुमार ईएमटी कृष्णा श्रीवास मौके पर पहुंचे और घायल विष्णु और मृतक सोनू पण्डो के शव को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। परिजनों के द्वारा लखनपुर पुलिस को रात 8बजे इसकी सूचना दी गई है। सूचना मिलने उपरांत लखनपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर रविवार की सुबह परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है साथ ही लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं घटना के बाद से परिवारजनों में शोक व्याप्त है।

# पंडो जनजाति के लोगो को किया गया अन्त्योदय राशनकार्ड का वितरण

- संवाददाता -
सूरजपुर,02अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।





ग्राम पंचायत परशुरामपुर के सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता के द्वारा पंडो जनजाति लोगो को अन्त्योदय राशनकार्ड बनवाकर वितरण किया गया। जो कि पंडो जनजाति राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाते हैं और सबसे पिछड़ी जनजाति के अन्तर्गत आते हैं। कई वर्षो से राशनकार्ड से वंचित रहे। लेकिन युवा सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता के आने के बाद कई दर्जन पंडो परिवार को राशन कार्ड बनवाकर लाभ दिलाये है।उस परिवार को अन्त्योदय कार्ड मिलने से काफी खुशी हो रही है। और हर पारा मोहल्लों में सरपंच को दुआ आशीर्वाद मिल रहा है। परशुरामपुर के जनताओ का कहना है जब से युवा सरपंच बने हैं तब से लगातार गांव में जनहित का कार्य हो रहा है। कार्ड मिलने वाले परिवार मुगों बाई पंडो, अनिल कुमार पंडो,सुनील कुमार पंडो, कौशल्या पंडो, गीता पंडो, बसमतिया पंडो, सोनम पंडो, सुरेखा पंडो,?हिरोन्दिया पंडो,इन सभी परिवार को वितरण किया गया। और सरपंच ने लगातार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर मे जो भी माताओं के द्वारा प्रसव कराया जाता है तो उस माताओं को साड़ी देकर सम्मान किया जाता है।अभी कमलेश्वरी पति दल साय जाति गोंड, और फुलमेत बाई पति रमेश कुमार जाति गोंड।इन सभी माताओं को सरुता के द्वारा सम्मानित किया गया। साड़ी मिलने पर उस परिवार में काफी खुशी और प्रशंसा करते हुए सरपंच को बधाई देते हुए कहा कि कभी भी हम जैसे माताओं को सम्मानित नहीं मिला था। सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता ने सभी माताओं को बधाई दिये। कार्ड वितरण के दौरान उपस्थित नितिश कुमार केवट उपसरपंच प्रतिनिधि एवं इसराइल मो पंच प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नवोदय में वार्षिक परीक्षा फल हुई घोषित

- संवाददाता -
सूरजपुर,02अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।



जवाहर नवोदय विद्यालय-बसदेई, सूरजपुर में कक्षा छठवीं, सातवीं ,आठवीं, नौवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के परीक्षा फल की घोषणा की गई। वर्ष 2022- 23 का परीक्षा परिणाम पूरे विद्यालय का शत प्रतिशत रहा। प्रातः कालीन सभा में विद्यालय के समस्त कक्षा शिक्षकों ,उप कक्षा शिक्षकों ,सदन प्रभारियों एवं उप सदन प्रभारियों एवं प्राचार्य की गरिमामय उपस्थिति में परीक्षा विभाग के सी. कुजुर, डी.आर.कंवर एवं अमित जी के समवेत कार्यकुशलता से सुनियोजित एवं निर्धारित समयानुसार ही परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर कक्षा शिक्षकों एवं प्राचार्य के हाथों सम्मानित किया गया एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कक्षा छठवीं अ से ईसान राय, तेजस्वी प्रताप , प्रिंसी साहू ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय, कक्षा छठवीं ब से तन्मय पटेल, आयुष कुमार साहू, नमन कुमार ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय, कक्षा सातवीं अ से हर्ष तिवारी ,आकाश कसेरा, लक्ष्मी पैकरा ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय , कक्षा सातवीं ब से रेजाइना गवेल, संजना सिंह पैकरा, शिवांश दुबे ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय, कक्षा आठवीं अ से चित्रांश साहू ,आकृति गुप्ता, अर्पित गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय ,तृतीय कक्षा आठवीं ब से जुगेश कुमार साहू ,समरेंद्र मिश्रा, खुशी कुशवाहा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ,कक्षा 9 वी अ से प्रख्यात जायसवाल, पवित्रा पटेल ,सक्षम द्विवेदी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय , कक्षा 9 वी ब से रिया साहू, ओम रुहेल, जीत राय ने प्रथम, द्वितीय ,तृतीय ,कक्षा 11 वीं विज्ञान से हरिकांत राजवाड़े, मान्यता गुप्ता ,सौम्य गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, कक्षा 11 वीं वाणिज्य से रौनक अग्रवाल, श्रिया गुप्ता, ऋषभ गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त कक्षाओं में कक्षा छठवीं एवं छठवीं का के विद्यार्थी तन्मय पटेल एवं ईशान रॉय क्रमशः98.50 प्रतिशत एवम 98.17 प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। नवीन शैक्षणिक सत्र के इस परीक्षा परिणाम के अवसर पर विद्यालय के सम्मानित शिक्षकों में डॉ.जेड एच सिद्दीकी, डी.आर. कंवर, सी. कुजुर, आशुतोष कुमार सिंह, आर. के. धनगुन, मुकेश कुमार सोनी, अमित कुमार, ए के मीणा ,उमेश कुमार, सुश्री शिखा सुरेला,एम.के. श्रीवास्तव, सुश्री पद्मिनी तिवारी, रमा सोलंकी ,सिराजी, सुश्री सुनीता देवी, रमेश कुमार सुश्री सोनम गुप्ता एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेंद्र यदु जी ने परीक्षा विभाग , प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान , विद्यालय में सर्वाधिक श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एवं समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। समस्त कक्षा शिक्षकों के माध्यम से प्रत्येक कक्षा के समस्त विद्यार्थियों को उनके प्रगति पत्र प्रदान किए गए । आगामी कक्षा व उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई।


## यूक्रेन युद्ध के बाद से रूस का दुनिया में बढ़ा प्रभाव,समर्थक देशों की संख्या बढ़ी

**लंदन,02अप्रैल2023।** विकासशील देशों के बीच रूस का प्रभाव बढ़ रहा है। उन देशों में रूस की कूटनीतिक कोशिशें और प्रचार अभियान खासे सफल रहे हैं। इस बात का संकेत ब्रिटिश पत्रिका इकॉनमिस्ट से जुड़ी एजेंसी इकॉनमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट (ईआईयू) की एक रिपोर्ट से मिली है। कुछ रोज पहले जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद एक साल में दुनिया में कुल मिला कर रूस के लिए समर्थन बढ़ा है। खास कर ऐसा उन देशों में हुआ है, जो पहले से तटस्थ या गुटनिरपेक्ष रहने की नीति पर चलते रहे हैं।

ईआईयू ने अपने अध्ययन के दौरान रूस पर प्रतिबंध के बारे में विभिन्न देशों के रुख, संयुक्त राष्ट्र में विभिन्न देशों के मतदान, घरेलू राजनीतिक रुझान और सरकारी बयानों पर गौर किया। इसके अलावा रूस के साथ परंपरागत आर्थिक, राजनीतिक और सैनिक संबंधों के इतिहास पर भी ध्यान दिया गया। इस अध्ययन से सामने आया कि साल भर पहले रूस की तरफ स्पष्ट झुकाव रखने वाले देशों की संख्या 29 थी, जो अब 35 हो गई है।

ईआईयू की रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस समर्थक देशों की श्रेणी में सबसे महत्त्वपूर्ण चीन है। लेकिन कई अन्य विकासशील देश (खास कर दक्षिण अफ्रीका, माली और बरकिना फासो) भी रूस के खेमे में चले गए हैं। रूस समर्थक देशों में दुनिया की 33 प्रतिशत आबादी रहती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ्रीका में रूस का प्रभाव बढ़ने के संकेत हैं।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक, यह ट्रेंड पश्चिमी देशों के लिए गहरी चिंता का विषय है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से इन देशों की कोशिश रूस को दुनिया में अलग-थलग करने की रही है। लेकिन ईआईयू की रिपोर्ट से जाहिर है कि इस कोशिश में उन्हें उन्हें कामयाबी नहीं मिली है।




ईआईयू ने के मुताबिक, दुनिया में तटस्थ देशों की संख्या पिछले साल 32 थी, जो अब 35 हो गई है। यानी तीन देश जो साल भर पहले रूस के विरोधी थे, अब उन्होंने बीच का रुख अपना लिया है। ईआईयू के मुताबिक तटस्थ देशों में दुनिया की 31 प्रतिशत आबादी रहती है। इस तरह दुनिया की 64 प्रतिशत आबादी उन देशों में रहती है, जो अब रूस का विरोध नहीं कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कंबोडिया, तुर्किये और कतर जैसे देश पहले पश्चिम से जुड़े हुए थे। लेकिन अब वे तटस्थ हो गए हैं। उनकी सरकारें नए बने हालात में दोनों तरफ से फायदा उठाने की नीति पर चल रही हैं।

रिपोर्ट में उल्लेख है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के समय रूस की दो टूक निंदा करने वाले देशों की संख्या 131 थी। यह अब घट कर 122 रह गई है। इनमें अमेरिका और यूरोपीय देश शामिल हैं। रूस की स्पष्ट निंदा करने वाले देशों में अब दुनिया की 36 प्रतिशत आबादी है। लेकिन इस समूह की ताकत यह है कि विश्व जीडीपी में उसका योगदान 68 प्रतिशत है।

ईआईयू की ग्लोबल फॉरकास्टिंग डायरेक्टर अगाथे डेमारियस ने अमेरिकी टीवी चैनल सीएनबीसी से कहा कि रूसी प्रचार विकासशील देशों में बेहद सफल हो रहा है। उपनिवेश रह चुके देशों की भावनाओं का रूस लाभ उठा रहा है। इस प्रचार के जरिए यह भी बताया गया है कि पश्चिमी देशों ने विकासशील दुनिया में खाद्य असुरक्षा और ऊर्जा असुरक्षा पैदा की है।

## भारत से संबंध बहाल करना चाहते थे पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख बाजवा! इमरान खान ने किया दावा



**इस्लामाबाद,02अप्रैल 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि उन्हें देश के पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने दो देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध विकसित करने के लिए भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था। पाकिस्तान के समाचार चैनल दुनिया न्यूज की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि बाजवा सिद्धांतों से जुड़े व्यक्ति नहीं थे।

खान ने आगे कहा कि अगर 90 दिनों में चुनाव नहीं हुए तो देश में संविधान नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें सीधी कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इमरान की यह टिप्पणी शहबाज सरकार की उस पृष्ठभूमि में आया है जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान नई दिल्ली के साथ पर्दे के पीछे किसी तरह की बातचीत से इनकार करता है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने इससे पहले एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि आज जो हालात हैं, इस दौर में पाकिस्तान और भारत के बीच पर्दे के पीछे किसी तरह की बातचीत संभव नहीं है। उन्होंने कहा था, नियमित रूप से सीमा पार आतंकवाद, युद्धविराम उल्लंघन, क्षेत्रीय विवाद आदि के साथ भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध जटिल बने हुए हैं।

दोनों देशों के बीच संबंध 2019 में उस समय और खराब दौर से गुजरा जब भारत के युद्धक विमानों ने उस वर्ष पुलवामा आतंकी हमले की प्रतिक्रिया के रूप में पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद द्वारा चलाए जा रहे एक प्रशिक्षण शिविर पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को रद्द करने के बाद इस रिश्ते में और कड़वाहट आ गई।

हालांकि, भारत ने पड़ोसी देश के साथ सामान्य संबंधों की अपनी इच्छा को बनाए रखा है। खान ने जोर देकर कहा कि इस तरह की व्यस्तताओं के लिए आतंक और शत्रुता मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की होगी।

### अमेरिका में तूफान और बवंडर का कहर

## 21 लोगों की मौत,100 से अधिक घायल, छह लाख से ज्यादा घरों में बिजली गुल

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023।** अमेरिका में एक बार फिर से तूफान और बवंडर ने बड़ी तबाही मचाई दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यहां दक्षिण-मध्य और पूर्वी अमेरिका में शुक्रवार और शनिवार को आए तूफान के चलते मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 21 हो गया है। जबकि 100 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं।

टेनेसी में आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के एक प्रवक्ता ने एएफपी को इस तूफान से सात मौतों की पुष्टि की। इसके अलावा दक्षिण में अर्कांसस, मिसिसिपी और अलबामा और मिडवेस्ट में इंडियाना और इलिनोइस में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है।



### कई घर क्षतिग्रस्त हुए,कारें पलटीं,बिजली की लाइनें टूटीं

राज्य के गवर्नर सारा हुकाबी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को तूफान के बाद कई बवंडर आए। इसके चलते काफी तबाही हुई। दूसरे दिन दिन के उजाले में इसका आकलन किया जा सका। बड़ी संख्या में लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बिजली की लाइनें टूट गईं। पेड़ उखड़ गए। कारें पलट गईं।

सारा हुकाबी सैंडर्स ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है और रिकवरी प्रयासों में मदद के लिए नेशनल गार्ड को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी बात हुई है। उन्होंने जल्द से जल्द मदद का भरोसा दिया है।

मेयर जेनिफर हॉब्स ने सीएनएन को बताया, पूर्वोत्तर अरकंसास में वायने शहर, ÷पूर्व से पश्चिम तक तूफान के चलते आधा कट गया है। यहां आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। नेशनल वेदर सर्विस ने कई अन्य राज्यों के लिए बवंडर की चेतावनी भी जारी की थी। उत्तर में आयोवा से लेकर दक्षिणी राज्य मिसिसिपी तक बवंडर की चेतावनी दी गई थी। यहां पिछले हफ्ते एक बवंडर ने 25 लोगों की जान ले ली थी।

### छह लाख से ज्यादा घरों में बिजली गुल

तूफान और तबाही के चलते छह लाख से ज्यादा घरों में बिजली गुल हो चुकी है। कई जगह बिजली के खंभे टूटकर गिर गए। इसके चलते पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। अधिकारी इसे दुरूस्त करने में जुट गए हैं।

## दवाओं की विषाक्तता पता लगाने में मदद करेगी कृत्रिम किडनी,बचेगी हजारों लोगों की जान

**सियोल,02 अप्रैल 2023।** दक्षिण कोरिया की पोहांग यूनिवर्सिटी के विज्ञानियों ने कृत्रिम किडनी विकसित की है। यह किडनी दवाओं की विषाक्तता और इसके दुष्प्रभावों की पहचान करने में मदद करेगी।

शोध से जुड़े प्रोफेसर दोंग वू चो कहते हैं, किडनी की मूलभूत संरचनात्मक और कार्यात्मक इकाई नेफ्रॉन है, जिसमें ग्लोमेरुलस नामक छोटी रक्त वाहिकाओं का नेटवर्क शामिल होता है। जब शरीर में अधिक मात्रा में दवाएं दी जाती हैं, तो दवा विषाक्तता प्रदर्शित करने वाला नेफ्रॉन पहला अंग होता है। दवाओं के रोगियों पर इस्तेमाल से पहले उनकी विषाक्तता की सीमा का अध्ययन करने के लिए कृत्रिम किडनी विकसित की गई है।



वू चो ने बताया कि उन्होंने ग्लोमेरुलस इकाइयों का एक कृत्रिम विकल्प तैयार किया है, जिसे माइक्रोवेसल चिप से जोड़ा गया है। इसमें ग्लोमेरुलर एंडोथेलियल कोशिकाएं, पोडोसाइट परतें और एक ग्लोमेरुलर बेसमेंट मेम्ब्रेन (जीबीएम) शामिल हैं, जो सिंगल स्टेप फैब्रिकेशन प्रोसेस का उपयोग करते हैं। वू चो ने बताया कि कृत्रिम किडनी से नैदानिक अभ्यास, दवाओं की निगरानी व नेफ्रोटॉक्सिसिटी परीक्षण की असीम संभावनाएं व क्षमता मिलती हैं।

### प्रोटीन का उत्पादन

प्रो. वू चो ने बताया चिप मोनोलेयर ग्लोमेरुलर एंडोथेलियम, पॉडोसाइट एपिथेलियम की परस्पर क्रिया की अनुमति देती है, जिससे जीबीएम प्रोटीन का उत्पादन होता हैग्लोमेरुलर कोशिकाओं की कार्यक्षमता प्रदर्शित होती है।

### क्यों पड़ी जरूरत

विज्ञानी चो ने बताया, किडनी रक्तप्रवाह में मौजूद ज्यादातर विषाक्त पदार्थों व चयापचय अपशिष्ट को शरीर से बाहर कर होमियोस्टैसिस बनाए रखता है, लेकिन, फिर भी कुछ दवाएं ऐसी होती हैं, जो किडनी में ही विषाक्तता पैदा कर देती हैं, जिससे पूरा शरीर प्रभावित होता है।

## नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की बिगड़ी तबीयत,अस्पताल में भर्ती,डॉक्टर कर रहे निगरानी

**काठमांडू ,02 अप्रैल 2023।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को पेट में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार रात काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति पौडेल को शनिवार देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

78 वर्षीय पौडेल दो हफ्ते पहले ही नेपाल के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। पिछले महीने हुए राष्ट्रपति चुनाव में नेपाली कांग्रेस पार्टी के नेता रामचंद्र पौडेल को 33,802 मत मिले थे। पौडेल को संसद के 214 सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों का समर्थन मिला था। पौडेल आठ दलों के गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार थे। इनमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- माओइस्ट सेंटर (सीपीएन- माओइस्ट सेंटर) शामिल थीं।

14 अक्टूबर 1944 को बाहुनपोखरी में एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में जन्मे पौडेल युवा अवस्था में ही राजनीति से जुड़ गए थे।

## इटली में आधिकारिक संचार में अंग्रेजी पर प्रतिबंध की तैयारी,उल्लंघन पर एक लाख यूरो जुर्माने का प्रस्ताव

**रोम (इटली),02 अप्रैल 2023।** इटली सरकार अपने देश में अंग्रेजी भाषा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। सीएनएन के अनुसार, आधिकारिक संचार के लिए इटली में नागरिकों द्वारा अंग्रेजी या किसी अन्य विदेशी भाषा का उपयोग करने पर जल्द ही भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी ने नया कानून पेश किया है जिसमें आधिकारिक संचार में किसी भी विदेशी भाषा, विशेष रूप से अंग्रेजी का उपयोग करने पर एक लाख यूरो तक का जुर्माना प्रस्तावित है। सीएनएन के मुताबिक, अगर इटली के लोग अपने आधिकारिक संचार के दौरान अंग्रेजी या किसी अन्य विदेशी भाषा का उपयोग करते हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी द्वारा पेश किए गए नए कानून के तहत एक लाख यूरो (1,08,705 अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना देना होगा।



इटली की चैंबर ऑफ डेप्युटीज (लोअर हाउस) में नेता फैबियो रामपेली (स्न्नड्डढ्ढश्र ऋड्डद्वश्चद्गद्यद्यद्ब) ने यह कानून पेश किया जिसे प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित किया गया है। इस कानून में किसी भी विदेशी भाषा के इस्तेमाल नहीं करने के बारे में बात की गई है, लेकिन यह विशेष रूप से ÷एंग्लोमेनिया÷ या अंग्रेजी शब्दों के उपयोग पर केंद्रित है। कानून के मसौदे में कहा गया है कि विदेशी भाषा का इस्तेमाल इतालवी भाषा को नीचा दिखाता है और अपमानित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में यह और भी बुरा है जब ब्रिटेन अब यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं है। हालांकि, इस बिल को अभी संसद में बहस के लिए लाया जाना है और इसके लिए इतालवी भाषा का लिखित और मौखिक ज्ञान और महारत रखने के लिए लोक प्रशासन में एक कार्यालय रखना आवश्यक है।

यह कानून आधिकारिक दस्तावेजों में अंग्रेजी के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाता है, जिसमें देश में काम कर रही कंपनियों में नौकरी की भूमिकाओं के परिवर्णी शब्द और नाम (ष्ह्ृश्चठ्ठ4द्बह्य इुठ्ठस्र ह्ड्डद्वद्गह्य) शामिल हैं। सीएनएन द्वारा देखे गए कानून के मसौदे के अनुसार, विदेशी संस्थाओं के पास सभी आंतरिक नियमों और रोजगार अनुबंधों के लिए इतालवी भाषा संस्करण होने चाहिए। मसौदे में कहा गया है कि यह केवल फैशन की बात नहीं है,क्योंकि फैशन गुजर जाता है, लेकिन एंग्लोमेनिया का प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है।

अनुच्छेद-2 इटली को राष्ट्रीय क्षेत्र में सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं के प्रचार और उपयोग के लिए अनिवार्य बनाने की शक्ति देता है। ऐसा नहीं करने पर 5,000 यूरो (5,435 अमेरिकी डॉलर) से लेकर एक लाख यूरो के बीच जुर्माना लगाया जा सकता है।

## मैक्सिको में हवा में उड़ रहे हॉट एयर बैलून में लगी आग,आसमान से कूद पड़े टूरिस्ट



**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023।** मैक्सिको का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक हॉट एयर बैलून हवा में उड़ रहा है और उसमें अचानक से आग लग गई। इस बीच, जान बचाने के लिए कुछ लोग बैलून से नीचे कूदते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्रीय सरकार ने बताया कि शनिवार एक अप्रैल को ये घटना मेक्सिको सिटी के पास प्रसिद्ध टियोतिहुआकैन पुरातत्व स्थल के पास की है। इस हादसे में आग से झुलसकर दो लोगों की मौत हो गई।

मेक्सिको स्टेट गवर्नमेंट ने कहा कि कुछ यात्री गुब्बारे से कूद गए। इस हादसे में एक बच्चा भी झुलस गया। मृतक लोगों की पहचान एक 39 वर्षीय महिला और एक 50 वर्षीय व्यक्ति के रूप में की गई है। इस हादसे में एक बच्चे का चेहरा आग से पूरी तरह से झुलस गया था। इसके साथ ही उसका दाहिना पैर भी फ्रेक्चर हो गया था।

### हादसे से जुड़ी और जानकारी

फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि हॉट एयर बैलून पर कितने यात्री थे।

एयर बैलून में जैसे ही आग लगी, कई टूरिस्ट उससे कूद पड़े।

मामला सूर्य और चंद्रमा के पिरामिड और इसके एवेन्यू ऑफ द डेड के साथ टियोतिहुआकैन एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल का है।

## किम जोंग के बम-ईंधन में विस्तार के आदेश के बाद एक्शन में उत्तर कोरिया,परमाणु साइट पर देखी गई हलचल

**प्योंगयांग,02 अप्रैल 2023।** उत्तर कोरिया के परमाणु साइट पर शनिवार को हलचल देखी गई। अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि किम जोंग उन के बम-ईंधन के ऑर्डर के बाद तीन और 17 मार्च को मुख्य परमाणु साइट योंगब्योन पर हलचल देखी गई थी और जल्द ही नॉर्थ कोरिया परमाणु परीक्षण कर सकता है।

अमेरिकी थिंक टैंक ने शनिवार को बताया कि उत्तरी कोरिया के नेता किम जोंग उन द्वारा देश के परमाणु शस्त्रागार का विस्तार करने के लिए बम ईंधन के उत्पादन में वृद्धि के आदेश के बाद सैटेलाइट तस्वीरों में उत्तरी कोरिया की मुख्य परमाणु साइट पर उच्च स्तर की गतिविधि देखी गई है।

वाशिंगटन स्थित 38 नॉर्थ नॉर्थ कोरिया मॉनिटरिंग प्रोजेक्ट ने बताया कि तीन और 17 मार्च की तस्वीरों में देखा जा सकता है कि न्यूक्लियर साइट पर गतिविधि देखी गई थी। यह संकेत देता है कि योंगब्योन साइट पर एक्सपेरिमेंटल लाइट वाटर रिएक्टर (ईएलडब्ल्यूआर) पूरा होने और परिचालन स्थिति के करीब है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि योंगब्योन में पांच मेगावाट के रिएक्टर का काम करना जारी है और ईएलडब्ल्यूआर के आसपास एक सहायक इमारत पर निर्माण शुरू हो गया है। इसके अलावा उस रिएक्टर के कूलिंग सिस्टम से पानी के निर्वहन का पता चला था। योंगब्योन के यूरेनियम संवर्धन संयंत्र के आसपास नया निर्माण भी शुरू हो गया है, जिससे इसकी क्षमताओं का विस्तार होने की संभावना है।

रिपोर्ट में उत्तर कोरियाई नेता का जिक्र करते हुए कहा गया है कि ये घटनाक्रम किम जोंग उन के हालिया निर्देश को दर्शाते हैं कि देश के परमाणु हथियारों के शस्त्रागार का विस्तार करने के लिए देश के विखंडनीय सामग्री का उत्पादन को बढ़ाया जाए। मंगलवार को उत्तर कोरिया ने नए छोटे परमाणु हथियारों का अनावरण किया था और दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यासों की निंदा करते हुए अपने शस्त्रागार का विस्तार करने के लिए अधिक हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री का उत्पादन करने की कसम खाई थी।

नार्थ कोरिया के सरकारी मीडिया ने कहा कि किम जोंग ने देश के परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने के लिए दूरदर्शी तरीके से हथियार-ग्रेड सामग्री के उत्पादन का आदेश दिया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उत्तर कोरिया ने अपने द्वारा प्रदर्शित किए गए छोटे हथियारों पर फिट होने के लिए पूरी तरह से छोटे परमाणु हथियार विकसित किए हैं या नहीं। लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि अगर यह 2017 के बाद पहली बार परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करता है तो इस तरह के हथियारों को बेहतर बनाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होगा।

### अमेरिका और साउथ कोरिया ने दी थी चेतावनी

दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने 2022 की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि उत्तर कोरिया किसी भी समय परमाणु परीक्षण फिर से शुरू कर सकता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बीते साल एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया ने 20 परमाणु हथियार इकट्ठे किए हैं और शायद 45-55 परमाणु उपकरणों के लिए उसके पास पर्याप्त सामग्री है।

# पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गिना रहे हैं जनता को छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धि

» घर घर गांव गांव पहुंच रहें हैं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवम उनके समर्थक

» बैकुंठपुर विधायक के कार्यकाल में किए गए जनसंपर्क से भी ज्यादा कर चुके पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जनसंपर्क

» बैकुंठपुर विधानसभा से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कर रहें हैं कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवारी का दावा भी

» जनसंपर्क के मामले में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वर्तमान विधायक से निकल चुके आगे

» अपने अब तक के कार्यकाल में बैकुंठपुर विधायक के द्वारा किए जनसंपर्क से भी ज्यादा जनसंपर्क कर चुके जनपद उपाध्यक्ष











- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

किसी सरकार की उपलब्धि जनता तक पहुंचाना सरकार की योजनाओं को जनता के मानस पटल पर स्थापित करना वैसे तो विधायकों की जिम्मेदारी वाला काम है खासकर जिस दल की सरकार है उसके ही विधायकों का लेकिन बैकुंठपुर विधानसभा में यह काम कोई और कर रहा है जो सरकार की उपलब्धियों योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रहा है और लगातार जनसंपर्क कर गांव गांव घर घर तक इस जिम्मेदारी को जो उसकी नहीं है निभा रहा है। सरकार की उपलब्धियों को योजनाओं को जनता के मानस पटल पर स्थापित कर सरकार के पक्ष में आगामी विधानसभा में मतदाताओं का रूझान उत्पन्न करने का यह काम बैकुंठपुर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवम वर्तमान में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष अनिल जायसवाल कर रहें हैं और वह प्रतिदिन यह काम बड़ी लगन एवम निष्ठा के साथ कर रहें हैं जो देखा जा रहा है।

अनिल जायसवाल वैसे तो खुद की दावेदारी भी बैकुंठपुर विधानसभा से आगामी विधानसभा में प्रस्तुत कर रहें हैं लेकिन उनकी तरफ से जिस तरह सरकार के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है उसे देखकर लगता भी है की वह योग्य उम्मीदवार हो सकते हैं और जनता उन्हे स्वीकार कर सकती है। बैकुंठपुर विधानसभा की वर्तमान विधायक जहां अब तक के कार्यकाल में जनसंपर्क में काफी कमजोर नजर आ रही हैं सरकार की योजनाओं उपलब्धियों को भी वह जनता तक ले जा पाने में असमर्थ नजर आ रहीं हैं वहीं अनिल जायसवाल पूरी लगन से यह काम कर रहें हैं जो देखा जा रहा है। बैकुंठपुर विधानसभा में आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी से जिस किसी को भी उम्मीदवार बनाया जाए लेकिन यदि सरकार के पक्ष में पूरी मेहनत से माहौल बनाने को लेकर यदि बात की जाए तो अनिल जायसवाल ही एक नाम नजर आता है जो बेहतर उम्मीदवार हो सकते हैं।

### पिछड़ा वर्ग समाज से मिल सकता है पूर्व जनपद उपाध्यक्ष को बेहतर समर्थन

अनिल जायसवाल वैसे तो अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहें हैं और उन्हे मौका मिलेगा की नहीं यह पार्टी की अंदरूनी बात है लेकिन यदि बैकुंठपुर विधानसभा के मतदाताओं के हिसाब से अनिल जायसवाल की चुनाव में जय पराजय को लेकर बात की जाए तो यह माना जा सकता है की वह स्वयं पिछड़ा वर्ग समाज से आते हैं और वह कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष भी हैं और उन्होंने पिछड़ा वर्ग समाज को काफी हद तक कांग्रेस पार्टी के पक्ष में लाने का भी प्रयास किया है ऐसे में यदि पिछड़ा वर्ग समाज का उन्हे समर्थन मिलता है जो मिलता हुआ नज़र भी आ रहा है तो वह चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए बेहतर उम्मीदवार हो सकते हैं जो कहा जा सकता है।

### वर्तमान विधायक से आगे निकल चुके हैं जनसंपर्क में अनिल जायसवाल

अनिल जायसवाल वर्तमान विधायक से जनसंपर्क मामले में आगे निकल चुके हैं और वह लगातार जनसंपर्क कर भी रहें हैं वहीं वर्तमान विधायक गाहे बगाहे ही जनसंपर्क में नजर आती हैं और ज्यादा समय उनका क्षेत्र से बाहर ही व्यतीत होता है जो उन्हे पीछे कर रहा है जनसंपर्क मामले में। वर्तमान विधायक कुल मिलाकर काफी पीछे सरकार की उपलब्धियों को गिनाने योजनाओं को समझाने के मामले में भी नजर आ रही हैं जो उनकी दावेदारी कमजोर करने के लिए काफी नजर आ रही है।

### पोलिंग बूथ के आंकड़ों का अच्छा ज्ञान चुनाव के लिए जरूरी है

चुनाव में प्रत्याशी की जीत तभी सुनिश्चित होती है जब उसे पोलिंग बूथ के आंकड़ों अच्छा ज्ञान हो,इस मामले में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कांग्रेस के लिए बेहतर उम्मीदवार हो सकते हैं क्योंकि वह लगातार पोलिंग बूथ तक जा रहें हैं और प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर लोगों को अपने साथ जोड़ रहें हैं। उनके पास चुनाव का पुराना अनुभव भी है वहीं वर्तमान विधायक की यदि बात की जाए तो वह पोलिंग बूथ तक प्रत्येक पहुंच पाने में भी असफल रहीं हैं और उन्हे चुनाव लड़ने का भी अनुभव नहीं है क्योंकि पिछला चुनाव वह पूर्व सरकार के विरोधी लहर में जीत सकीं थीं। वर्तमान विधायक की अपेक्षा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष लगातार जनसंपर्क कर रहें हैं वहीं विधायक ज्यादातर विधानसभा से बाहर ही समय व्यतीत कर रहीं हैं।

### चुनाव की रणनीति बनाने में माहिर हैं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष को चुनाव की रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है और उन्हे कुशल राजनीतिज्ञ कहना भी गलत नहीं होगा।

भले ही वह पिछला चुनाव हार चुके हों लेकिन उनके लिए लोगों की एक ही राय है की उनके पास चुनाव में जीत सुनिश्चित करने की नीति है और वह अगली बार भी असफल होंगें ऐसा कहना गलत होगा।

### विधानसभा चुनाव से पूर्व हर पोलिंग बूथ तक पहुंच चुके हैं अनिल जायसवाल

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल विधानसभा चुनाव से पूर्व हर पोलिंग बूथ तक पहुंच चुके हैं और प्रत्येक बूथ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वह संपर्क कर चुके हैं,वहीं वह प्रत्येक बूथ के मतदाताओं से भी मिल चुके हैं और इस मामले में विधायक से आगे निकल चुके हैं।

### सरकार की उपलब्धियों,योजनाओं को पहुंचा रहे जन-जन तक

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सरकार की उपलब्धियों योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहें हैं और जनता को कांग्रेस के लिए मतदान करने के लिए अपील कर रहें हैं। उनके द्वारा जिस प्रकार से सरकार की योजनाओं को जिस तरह जनता के समक्ष पेश किया जा रहा है उसका जनता के बीच अच्छा असर भी जा रहा है और लोग उनकी बातों को सुनने उनके सामने आ भी रहें हैं। वर्तमान विधायक इस मामले में भी पीछे हैं।

### समर्थकों की फौज है पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के पास

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के पास समर्थकों की लंबी चौड़ी फौज है,उनके पास हर गांव में उनका समर्थन करने वाले लोगों की कमी नहीं है वहीं वर्तमान विधायक के पास समर्थकों की संख्या बिलकुल कम है और जो पिछले समर्थक थे उनमें से भी अधिकांश उनसे अलग हो गए हैं।

## विधायक डॉ.विनय व महापौर कंचन के अथक प्रयास से बहुप्रतीक्षित सड़क मार्ग का कार्य हुआ आरंभ





» आमजनों को आवागमन के क्षेत्र मे मिलेगी बेहतर सुविधा

» 25.00 लाख की लागत से हो रहे डामरीकरण सड़क का विधायक, महापौर ने लिया जायजा

- संवाददाता-
चिरमिरी,02अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम चिरमिरी मे विकास की रफ़्तार को तेज करने और जनता को सुख सुविधा मुहैया करवाने के लिए मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल, चिरमिरी निगम महापौर कंचन जायसवाल द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है । वे अपने-अपने क्षेत्र में जर्जर सड़को को डामरीकृत,बी.टी.रोड़ निर्माण के तहत उसका मरम्मतिकरण का कार्य करवा कर जनता को आवागमन के क्षेत्र मे सुविधा उपलब्ध करा रहे है। इसी क्रम में गेल्हापानी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित जर्जर सड़क मार्ग को बी.टी. रोड़ नवीनीकरण के तहत डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है । गेल्हापानी मुख्यमार्ग से बैकुंठपुर रोड़ तिराहा तक 25.00 लाख की लागत से बनने वाली निर्माणधीन सड़क का मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल, निगम महापौर कंचन जायसवाल ने कार्यस्थल का जायज़ा लिया। विधायक डॉक्टर विनय ने पूर्व सरकार ने 15 वर्षो के कार्यकाल में जिन कार्यो की मांग ने जोर पकड़ लिया था, उस पर यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मौन साध रखा था, पर सरकार बदलते ही कांग्रेस की सरकार आते ही कठिन कार्यो को आसानी पूरा किया जा रहा और जनता की मांगों को पूरा करने में हम हर संभव मुखर है। महापौर कंचन जायसवाल ने बताया कि जर्जर हो चुकी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यहां के रहवासियों सहित आवागमन करने वाले लोगों को भी काफी राहत मिलेगी । उन्होंने गेल्हापानी के नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि शहर विकास के लिए आप लोगों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ने में कोई कसर नही छोडूंगी।

## दो दिन में 158 युवाओं ने किया बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन

» पढाई व प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी में आर्थिक सम्बल मिलने की आस से युवाओं में उत्साह

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

बेरोजगारी भत्ता के लिए दो दिन में जिले के 158 शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने ऑनलाइन आवेदन किया है। सत्यापन दल द्वारा आवेदन व दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा जिसमें निर्धारित पात्रता पूरा होने पर योजना के तहत इन्हें अधिकतम दो वर्ष तक 2500 रुपये प्रतिमाह भत्ता मिलेगा।

रविवार को नगर निगम अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर सत्यापन केंद्र में बेरोजगारी भत्ता आवेदन भरने आई दर्रीपारा निवासी अंजली यादव व भाथुपारा निवासी संजना एक्का ने बताया कि सत्यापन केंद्र में ऑनलाइन फार्म भरने सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाएं भी है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता मिलने से आगे की पढ़ाई के लिए पुस्तक, कॉपी ख़रीदने तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में अध्ययन सामग्री की आवश्यकता पूरी करने में आर्थिक संबल देगा। शासन की इस योजना से युवाओं को आर्थिक रूप से मदद मिलेगा।



कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में करीब 104 क्लस्टर में बनाये गए हैं तथा करीब 654 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलस्टर में एक सत्यापन केंद्र होगा जहां आवेदन व दस्तावेजों का आवेदकों की उपस्थिति में सत्यापन किया जाएगा। आवेदन में भरी गई सभी जानकारी व दस्तावेज निर्धारित पात्रता अनुसार सही पाए जाने पर बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति हेतु आगे की कार्यवाही की जाएगी।

24 घंटे खुला रहेगा पोर्टल- बेरोजगारी भत्ता हेतु पंजीयन के लिए https:// berojgaribhatta.cg.nic.in पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से पंजीयन की कार्यवाही 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो गई है। बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए आवेदन करने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है और ना ही पोर्टल के खुलने या बंद होने का समय तय किया गया है। पोर्टल सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे खुला रहेगा। आवेदक इस पोर्टल पर अपनी सुविधा अनुसार कभी भी आवेदन कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के मूल निवासी शिक्षित बेरोजगारों को प्रतिमाह 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की योजना प्रारंभ की गई है।

## 10 लीटर महुआ शराब व 30 किलो महुआ लाहन के साथ महिला गिरफ्तार



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

आबकारी विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत बाजार पारा में छापेमारी कर महिला के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब 32 किलो लाहन के साथ गिरफ्तार किया है।

उड़नदस्ता दादा ने 2 अप्रैल को जिला सरगुजा के लखनपुर थाना अंतर्गत बाजारपारा निवासी संगीता राजवाडे के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब और 30 किलो महुआ लाहन जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क च, 34(2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।। हमराह स्टाफ में आबकारी उप निरीक्षक टीआर केहरी,आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे एवं आरक्षक अशोक सोनी रामाधार कुशवाहा एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं ममता उपस्थित रहे।

# क्या पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारी खुद अवैध कारोबारियों के बन बैठे है सहयोगी ?

» कोरिया एमसीबी पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारी खुद माफिया के कारोबार में है पार्टनरःसूत्र

» दो चर्चित प्रधान आरक्षक भूमि खरीदी-बिक्री में शामिल,वाहन खरीद कर दे रखा है कबाड़ी को

» प्रधान आरक्षक ने आय से ज्यादा संपत्ति कर ली है एकत्रित,क्या है कोई जो जांच कर सके ?

» एक कबाड़ी भी है प्रधान आरक्षक का अवैध कारोबार में पार्टनर

» प्रधान आरक्षक की संपत्ति की हो यदि जांच तो खुल सकते हैं कई राज

- रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी,02 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस का फुल फॉर्म होता है पब्लिक ऑफिसर फॉर लीगल इन्वेस्टिगेशन एंड क्रिमिनल इमरजेंसी जिसका अर्थ है कानूनी जांच और अपराधिक आपात स्थिति के लिए लोक अधिकारी, अर्थात पुलिस के अधिकारी है जो अपने क्षेत्रों को हिंसा व अपराध से मुक्त रखते हैं जनता से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करते हैं पुलिस का मुख्य कार्य है कानून व्यवस्था लोक व्यवस्था बनाए रखना तथा अपराध और अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करना, मुख्य रूप से पुलिस एक सामाजिक व्यवस्था है सुरक्षा और स्वास्थ्य के रखरखाव और कानून के परिवर्तन और कार्यकारी, न्यायिक और विधिक शक्तियों के साथ संबंधित सरकार का विभाग होता है, इनके दायित्व बहुत बड़े होते हैं और समाज हित के होते हैं पर इस समय हम छत्तीसगढ़ की बात करें तो क्या पुलिस लोकहित के कार्य करने में दिलचस्पी दिखा रही है या फिर द्वेष पूर्वक कार्य करके वह पैसे कमाने में जुटी हुई है? ऐसे सवाल आज के परिवेश में उठ खड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पुलिस को लेकर लोग प्रताड़ना ही झेल रहे हैं पुलिस का उपयोग सिर्फ राजनीतिक दलों पर आधारित हो गया है, उन्हीं के इशारों पर कार्यवाही करना या न करना निर्धारित होने लगा है, यही वजह है कि खाकी के पीछे के लोग अपना कर्तव्य भूल कर सिर्फ एक सूत्री धन अर्जन करने में लग गए, बड़े से लेकर छोटे कर्मचारी तक धन अर्जन करने का एक ध्येय बनाकर कार्य कर रहे हैं जिस वजह से कहीं ना कहीं खाकी दागदार हो गई है खाकी पर से भरोसा लगभग उठ चुका है खाकी भी कहीं न कहीं गुलाम दिखने लगी है।







एमसीबी व कोरिया जिले की पुलिस इस समय कर्तव्यों के मार्ग से भटक कर धर अर्जन करने के मार्ग पर चल रही है धन अर्जन करना पहली प्राथमिकता बन गई है और धन अर्जन करने के लिए किस भी है हद तक जाने को तैयार है सूत्रों की माने तो जिसकी कोई सीमा नहीं है अवैध कार्यों में लिप्त लोगों की सहयोगी बन बैठी है पुलिस यही वजह है कि अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है और इस अवैध कारोबार में इतना पैसा है पुलिसकर्मियों की संपत्ति में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है जो कहीं ना कहीं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पुलिस की वर्दी को दागदार बताने के लिए काफी है। सभी की तो बात करना सही नहीं होगा पर कुछ पुलिस विभाग के कर्मचारी ही क्रिमिनल दिमाग रखते हुए जो अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं यहां तक कि अवैध कारोबार में पार्टनर बन बैठे हैं सूत्रों की माने तो इतना पैसा कमा लिए हैं कि गाड़ियां किराए पर एसईसीएल में लगा रखी है, माफियाओं को भी गाड़ियां खरीद कर दे रखें माफियाओं के कई कारोबार में पार्टनर बन बैठे हैं इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिसकर्मी ही क्रिमिनल लोगों को पीछे छोड़ कर खुद क्रिमिनल बन बैठे हैं।

अवैध कारोबार में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता लगातार देखी जा रही है- आजकल अवैध कारोबार तेजी से अविभाजित जिले में फल फूल रहा है। एमसीबी नवीन जिले में तो पुलिसकर्मी ही अवैध कारोबारी का पार्टनर बना हुआ है जैसा सूत्रों का कहना है वहीं कोरिया में भी ऐसे पुलिसकर्मियों की कमी नहीं है जो अवैध कारोबारियों के सहयोगी न हों,वहीं पूरा अवैध कारोबार पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में नहीं है ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। कोयला,जुआ,नशीली दवा सहित शराब का अवैध कारोबार सबकुछ जिले में जारी है और पुलिस मौन है क्योंकि मामला लाभ का है और पुलिस का भी हिस्सा बंधा हुआ है।

सभी अवैध कारोबार का महीना तय है और सभी अवैध कारोबार दिनदहाड़े भी जारी है। थोड़ी सी अतिरिक्त आय के लिए ईमान भी आजकल कोई मायने नहीं रखता यह देखने को मिल रहा है। कोयला क्षेत्रो मे पदस्थापना के लिए कबाड़ क्षेत्रों में पोस्टिंग के लिए जमकर जोर आजमाइश पुलिसकर्मी करते नजर आ सकते हैं। सभी अवैध कारोबार बिना रुकावट जारी रहे इसके लिए पुलिसकर्मियों को लगातार सक्रिय देखा जा सकता है उसकी अपेक्षा कानून व्यवस्था पुलिस के लिए कोई मायने नहीं रखती है।

# विधायक कमरो ने किया 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,02अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

सविप्रा उाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने नगर पंचायत नई लेदरी में प्राथमिकता के आधार पर 3 करोड़ 1 लाख 34 हजार के 58 बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, नेता प्रतिपक्ष संजीवन लाल, सुभाष यादव, रामसुमन मिश्रा, मकबूल अख्तर, शमीना खातून, सीएमओ अंजना वाईकिल्फ सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधायक कमरो द्वारा करोड़ों की लागत से स्वीकृत जिन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया उनमें वार्ड क्र. 10 में 5 लाख 49 हजार की लागत से कोरिया नीर से समीर घर तक सीसी रोड निर्माण, इसी प्रकार वार्ड क्र. 2 मिलन चौक से चर्चा तक सीसी रोड 9 लाख 61 हजार, वार्ड क्र. 15 अब्दुल कलाम के घर से श्मशान घाट तक सीसी रोड 17 लाख 84 हजार, वार्ड क्र. 14 बंगाली दुकान से हाई स्कूल तक सीसी रोड 16 लाख 75 हजार, वार्ड क्र. 1 संजीवन लाल घर के सामने रिटर्निंगवाल निर्माण 4 लाख 96 हजार, वार्ड क्र. 2 में चर्च से नागू के घर तक रिटर्निंगवाल निर्माण 10 लाख 64 हजार, वार्ड क्र. 9 राजेश तिवारी के घर से आंगनबाड़ी तक रिटर्निंगवाल 5 लाख 59 हजार, वार्ड क्र. 9 द्वारिका के घर से अरविंद के घर तक सीसी रोड 3 लाख 62 हजार, वार्ड क्र. 1 शंभू के घर से हीरालाल के घर तक सीसी रोड 2 लाख 31 हजार, वार्ड क्र. 1 जीवन एक्का के घर से मेन रोड तक सीसी रोड 8 लाख 61 हजार, वार्ड क्र. 5 बब्बू के घर से आंगनबाड़ी तक सीसी रोड 2 लाख 79 हजार, वार्ड क्र. 1 शंभू के घर से मेन नाला तक आरसीसी नाली 2 लाख 44 हजार, वार्ड क्र. 3 अशोक के घर से शिवपाल के घर तक आरसीसी नाली 2 लाख 11 हजार, वार्ड क्र. 11 सरोज के घर से मेन नाला तक आरसीसी नाली 1 लाख 63 हजार, वार्ड क्र. 4 खुर्शीद के घर से रामहित के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 3 लाख 84 हजार, वार्ड क्र. 3 छेदीदास के घर से मेन नाला तक आरसीसी नाली निर्माण 87 हजार, वार्ड क्र. 11 राजकुमार के घर से विनोद के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 3 लाख 84 हजार, वार्ड क्र. 7 छोटेलाल के घर से हेमंत के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 88 हजार, वार्ड क्र. 5 कुर्बान के घर से मेन नाला तक आरसीसी नाली निर्माण 3 लाख 98 हजार, वार्ड क्र. 1 पुल से मेन रोड तक सीसी रोड 3 लाख 74 हजार, वार्ड क्र. 8 पंप हाउस से छठ घाट तक सीसी रोड निर्माण 9 लाख 14 हजार, वार्ड क्र. 11 काली मंदिर से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण 5 लाख 45 हजार, वार्ड क्र. 15 में दीपक के घर से रामधारी के घर तक सीसी रोड निर्माण 4 लाख 87 हजार, वार्ड क्र. 15 में मगरदहा नाला से गौठान तक स्ट्रीट लाइट कार्य 19 लाख 71 हजार, वार्ड क्र. 12 चंद्रभान के घर से मेन रोड तक सीसी रोड 7 लाख 34 हजार, वार्ड क्र. 10 हाई स्कूल से नागमाड़ा तक स्ट्रीट लाइट कार्य 9 लाख 92 हजार, वार्ड क्र. 12 प्रायमरी स्कूल से मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण 1 लाख 91 हजार, वार्ड क्र. 12 सिद्धबाबा मंदिर के पास शेड निर्माण 2 लाख 11 हजार, वार्ड क्र. 8 छठ घाट से डोडही तक आरसीसी नाली निर्माण 8 लाख 3 हजार, वार्ड क्र. 4 मुक्तिधाम शेड निर्माण 4 लाख 45 हजार, वार्ड क्र. 6 केंवट पंडाल के पास शेड निर्माण 4 लाख 29 हजार, वार्ड क्र. 2 राजकुमार प्यारेलाल के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 4 लाख 93 हजार, वार्ड क्र. 8 शिव मंदिर के पास शेड निर्माण 3 लाख 94 हजार, वार्ड क्र. 14 रामलाल के घर से नाला तक सीसी रोड 1 लाख 47 हजार, वार्ड क्र. 4 लख्खू के घर से इमली पेड़ तक सीसी रोड 5 लाख 15 हजार, वार्ड क्र. 15 हंसराज के घर से राजे के घर तक सीसी रोड निर्माण 3 लाख 54 हजार, वार्ड क्र. 5 दुर्गा पंडाल के सामने शेड निर्माण 13 लाख 35 हजार, वार्ड क्र. 11 अजय विश्वकर्मा के घर के पास शेड निर्माण 2 लाख, वार्ड क्र. 6 बंगाल स्टोर के बगल में सीसी रोड 1 लाख, वार्ड क्र. 2 ऑटो स्टैंड के पास शेड निर्माण डेढ़ लाख, वार्ड क्र. 2 मस्जिद के सामने अतिरिक्त कक्ष निर्माण 9 लाख 37 हजार, वार्ड क्र. 2 मदरसा के पास आहाता निर्माण 3 लाख 7 हजार, वार्ड क्र. 12 पुरानी लेदरी में प्राथमिक शाला के बगल में सांस्कृतिक शेड निर्माण लाख, वार्ड क्र. 12 मिनी पार्क का निर्माण एवं स्व. बिसाहू दास महंत की प्रतिमा स्थापना 6 लाख, वार्ड क्र. 10 आंबा से मेन रोड तक सीसी रोड 5 लाख 62 हजार, वार्ड क्र. 10 गायत्री के घर से कमल के घर तक सीसी रोड 2 लाख 56 हजार, वार्ड क्र. 15 कृपाशंकर के घर से कविता के घ्र तक आरसीसी नाली निर्माण 2 लाख 79 हजार, वार्ड क्र. 7 ढोढी के पास रिटर्निंगवाल 10 लाख 32 हजार, वार्ड क्र. 10 केच बंगला के पास सीसी रोड 1 लाख, वार्ड क्र. 2 टेकचंद होटल के पास शेड निर्माण 2 लाख, वार्ड क्र. 8 श्यामसुंदर मिश्रा के घर के पीछे से पीपल पेड़ तक सीसी रोड एवं रिटर्निंगवाल 2 लाख 40 हजार, वार्ड क्र. 15 सदानंद के घर से मेन नाला तक आरसीसी नाली 3 लाख, वार्ड क्र. 15 रामबदन के घर से मेन नाला तक आरसीसी नाली 2 लाख, वार्ड क्र. 8 बबीता के घर से रामायण दास के घर तक स्ट्रीट लाइट 2 लाख 58 हजार, शिवपाल के घरसे अशोक चंपक के घर तक रिटर्निंगवाल एवं पीसीसी कार्य 7 लाख 33 हजार, फारूख बाड़ा के आगे रिटर्निंगवाल 3 लाख 87 हजार, तेजबली के घर से आंगनबाड़ी तक सीसी रोड 2 लाख 93 हजार एवं द्वारिका के घर से पोल्ट्री फॉर्म तक सीसी रोड का निर्माण 6 लाख 86 हजार रूपए की लागत से कराए जाएंगे।





# अपर कलेक्टर ने कटघोरा और पाली ब्लॉक का किया निरीक्षण

- संवाददाता -
कोरबा,02 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

अपर कलेक्टर विजेन्द्र कुमार पाटले द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का ग्राम पंचायत धवईपुर विकासखंड कटघोरा, कांजी पानी और विकासखंड पाली का निरीक्षण किया । उन्होंने प्रगणकों से सर्वे की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और आ रही समस्याओं का समाधान किया। अपर कलेक्टर ने सरपंचों को इसकी व्यापक मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार कराने के लिए कहा।

# सार्वजनिक प्रतिष्ठान अपनी जिम्मेदारी समझे और प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु आवश्यक कदम उठाए:जयसिंह अग्रवाल

» जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं और जनता के लिए कार्य करते रहेंगे

- संवाददाता -
कोरबा,02अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रात बालको क्षेत्र में रामलीला मैदान के पास निगम के जोन कार्यालय के बगल से होते हुए रिसदा चौक तक सड़क का डामरीकरण के कार्य का बतौर मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल ने भूमिपूजन किया। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से बालको क्षेत्र में पूर्व में भी ध्यानचंद चौक से परसा तक सड़क का उन्नयन कार्य बालको प्रबंधन को निर्देशित कर पूरा कराया गया था। इसी कड़ी में भदरापारा रिसदा सड़क का डामरीकरण के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा क्षेत्र में चारों तरफ सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। मेरा प्रयास



रहेगा कि बाकी बचे सड़कों का भी कायाकल्प होगा। जहां सड़क खराब हुई है या जहां सड़क के नवनिर्माण की आवश्यकता है, सभी जगहों पर सड़क बनेगी चाहे निगम मद से या मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के सी. एस. आर. मद से हो, आवाश्यकतानुसार राशि स्वीकृत करवाकर कार्य कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम जनता के जीवन को सुलभ बनाने वाली हर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे जिले में जितने भी सार्वजनिक प्रतिष्ठान है, उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे सीएसआर या अन्य मदों से भू-विस्थापित क्षेत्रों का विकास करे एवं प्रभावित लोगों के लिए समृद्धि हेतु आवश्यक कदम उठाएं। जो अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोडगे उनसे काम कराना हमें अच्छी तरह आता है। हम जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं और हम जनता के लिए कार्य करते रहेंगे। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि नगर पालिक निगम क्षेत्र के विकास के लिए हर कदम उठा रहा है और हर गली मोहल्ले का विकास हो रहा है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, हितानंद अग्रवाल, सुमेरचंद डालमिया, दुष्यंत शर्मा, एफ.डी मानिकपुरी कृपाराम साहू , बदी किरण, सशीलचा साण्ड ,सबी तिवारी, शत्रुघ्न सराफ, पियुष राजपूत, राजू वर्मन विकास डालमिया, प्रभात डडसेना, राकेश पंकज, मुल्ला खान, के.पी. यादव, नागेंद्र राय, कल्लू खान, गिरधारी वरेट नौशाद खान, संजय सोनी, पंचराम आदित्य, महेश अग्रवाल, फुलदास महंत, धनेश्वरी चौहान, सुधीर शर्मा, सोनू चौधरी, देवेन्द्र बैक, शकुन्तला साहू, तेलसी कंवर, माजिद कुरैशी, आशीष राव, नर्मदा सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# किसान महासम्मेलन में शामिल हुए मंत्री चौबे व लखमा







» 30 करोड़ 98 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

» बलरामपुर में किसान भवन निर्माण हेतु मंत्री रविन्द्र चौबे ने की 25 लाख की घोषणा

- संवाददाता -
बलरामपुर,02 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।



बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास पर पहुंचे कृषि विकास, संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे व आबकारी, वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री कवासी लखमा ने ग्राम महाराजगंज में आयोजित किसान महासम्मेलन में हिस्सा लिया, जहाँ विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत हितग्राहियों को चेक व सामग्रियों का वितरण कर 30 करोड़ 98 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन कर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 9 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाराजगंज में आयोजित किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के कृषि विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि देश की आजादी के लिए किसानों ने लड़ाई लड़ी थी तथा महात्मा गांधी ने भी छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से किसान हित में पदयात्रा की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि समता कानून समाज की रचना कांग्रेस ने की थी, जिसका उदाहरण मंत्री कवासी लखमा जी हैं। कृषि मंत्री चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में 01 करोड़ 60 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी राज्य सरकार ने की है, इसके साथ ही किसानों की मांग पर धान उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले, इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार अगले खरीदी विपणन वर्ष से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने जा रही है। मंत्री चौबे ने कहा कि प्रदेश में किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, खेतीहर मजदूर न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है ताकि प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकें। उन्होंने गोमूत्र व गोबर खरीदी की प्रगति को लेकर जिला प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की। इसके साथ ही मंत्री रविन्द्र चौबे ने बलरामपुर में किसान भवन निर्माण हेतु 25 लाख तथा बलरामपुर विकासखण्ड के डोंगीदह व बोदीटोला नाला में पुल निर्माण की घोषणा की। उन्होंने क्षतिग्रस्त कोटपाली नहर डायवर्सन की जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम भेजने की बात कही।

आबकारी एवं वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री कवासी लखमा ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के 04 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, तेंदुपत्ता संग्राहकों का मानदेय प्रदेश सरकार ने बढ़ाया है, इसके साथ ही प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतिमाह 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया है। श्री लखमा ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास-आश्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृति में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार पारंपारिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजीव युवा मितान क्लब का गठन कर विलुप्त हो रहे खेलों की गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही है।

सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने प्रदेश में कांगेस की सरकार के अस्तित्व में आने के बाद 10 हजार करोड़ किसानों का कर्ज माफी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार किसान हितैषी सरकार है, प्रदेश सरकार ने न केवल धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया है, बल्कि किसानों से 15 क्विंटल प्रति एकड़ की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने की रणनीति बनाई है और 01 नवम्बर 2023 से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने मंचासीन दोनों केबिनेट मंत्रियों को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए अपनी मांग रखी।

किसान सम्मेलन में श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री श्रमिक सियान योजना के तहत 05 हितग्राहियों को 20-20 हजार का चेक, कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को उड़द बीज वितरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को पावर वीडर, पशुधन विकास विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को सुकर त्रयी व नर बकरा हेतु क्रमशः 09 हजार व 04 हजार का चेक, मछली पालन विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को जाल वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा 03 जोड़ों को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि तथा राजस्व विभाग द्वारा 06 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र तथा 07 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टरविजय दयाराम के.,पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील सहित जिले के निवार्चित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिला जेल में हुआ वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन




- संवाददाता -
कोरबा,02 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं मान. छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार मान. उच्चतम न्यायालय के द्वारा रिट पिटीशन (क्रिमिनल) क्रमांक 04/2021 ''जमानत देने के लिए नीतिगत रणनीति'' एवं एसएलपी (क्रिमिनल) 529/2021 सोनाधर बनाम छ.ग. राज्य में समय पर दिए गए दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जेलों में दिनांक 02 अप्रैल 2023 को जेल में निरूद्ध बंदियों की रिहाई के संबंध में ''राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत'' का आयोजन किया गया। वृहद लोक अदालत जिला जेल कोरबा एवं उपजेल कटघोरा में आयोजन किया गया जिसमें श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा,रमेश कुमार चैहान, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा एवं जेल में निरूद्ध बंदियों में से कई बंदियों के प्रकरण प्रतिबंधात्मक धाराओं से संबंधित होते हैं जिसे निराकृत किए जाने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट कोरबा/ कटघोरा सहित कुल 04 खंडपीठ का गठन किया गया था। जेल लोक अदालत का आयोजन कर न्यायिक अधिकारियों ने स्वयं जेल में जाकर विचाराधीन बंदियों के प्रकरण में बंदियों का कथन अभिलिखित कर अधिक से अधिक विचाराधीन बंदियों के रिहाई किए जाने का प्रयास किया गया। उक्त वृहद जेल लोक अदालत में जेल में निरुद्ध बंदियों के प्रकरणों में अपराध स्वीकार करना, प्ली बारगेनिंग एवं शमनीय प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं से संबंधित में कुल 18 प्रकरण रखे गए थे जिसमें 03 प्रकरणों का सफलता पूर्वक निराकरण किया गया, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कोरबा एवं कटघोरा के द्वारा कोई भी प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया। उक्त जेल लोक अदालत में श्रीमती शीतल निकुंज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा,मान सिंह यादव, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल, श्रीमती अनिता चाको, प्रमोद अवस्थी, अधिवक्ता कोरबा, रवि आहूजा, एवं माईकल किस्पोट्टा, अधिवक्ता कटघोरा उपस्थित थे। सहायक जेल अधीक्षक विजयानंद सिंह के द्वारा उक्त वृहद जेल लोक अदालत विचाराधीन बंदियों के रिहाई किए जाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए जेल लोक अदालत के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया।

आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र
निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.
प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011

# दर्शकों को सीएए/एनआरसी से संबंधित विरोध बैनर ले जाने की अनुमति नहीं होगी

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023।** दिल्ली, मोहाली, हैदराबाद और अहमदाबाद सहित चार शहरों में आईपीएल मैच देखने आने वाले दर्शकों को एक विशेष सलाह के अनुसार नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से संबंधित विरोध बैनर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
पेटीएम इनसाइडर, जो चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स का टिकटिंग पार्टनर है, ने कुछ निषिद्ध वस्तुओं को सूचीबद्ध किया है और उनमें से एक बैनर से संबंधित है सीएए/एनआरसी विरोध।
समझा जाता है कि फ्रेंचाइजियों की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है, जो अपने-अपने घरेलू मैचों के टिकट कारोबार का प्रबंधन करती हैं।
यह आमतौर पर बीसीसीआई के परामर्श से किया जाता है क्योंकि प्रमुख खेल आयोजन किसी भी संवेदनशील राजनीतिक या नीतिगत मुद्दों के प्रचार की अनुमति नहीं देते हैं।
नागरिक संशोधन अधिनियम, 2019, जिसे सीएए के रूप में जाना जाता है, 12 दिसंबर, 2019 को भारत की संसद द्वारा पारित किया गया था।
सीएए ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे इस्लामिक देशों में सिख, पारसी, जैन, बौद्ध जैसे अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति दी, यदि वे दिसंबर, 2014 से पहले देश में आ गए थे।

### कानून ने इन देशों के मुसलमानों को योग्यता प्रदान नहीं की

इस संशोधन को धर्म के आधार पर भेदभावपूर्ण के रूप में देखे जाने के



कारण पूरे देश में इसका विरोध शुरू हो गया था।
नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर उन सभी भारतीय नागरिकों का एक रजिस्टर है, जिनके निर्माण को नागरिकता अधिनियम, 1955 के 2003 के संशोधन द्वारा अनिवार्य किया गया था।
इसका उद्देश्य भारत के सभी कानूनी नागरिकों का दस्तावेजीकरण करना है ताकि अवैध अप्रवासियों की पहचान की जा सके और उन्हें निर्वासित किया जा सके।
कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण तीन सत्रों के आयोजन स्थलों से गायब रहने के बाद प्रशंसकों के स्टेडियम में लौटने की तैयारी के साथ, भारतीय बोर्ड के साथ-साथ फ्रेंचाइजी शायद यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि स्टेडियम के अंदर कोई पोस्टर या बैनर नहीं देखा गया है। संवेदनशील स्वभाव के होते हैं।
दिल्ली, गुजरात, पंजाब और हैदराबाद के घरेलू मैचों के लिए टिकट बुक करने की कोशिश करते समय विशिष्ट सलाह मिली।
सीएसके के मामले में, निषिद्ध वस्तुओं की सलाह में यह विशिष्ट फरमान नहीं था क्योंकि यह अधिक सामान्य था।
जब डीडीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी से सलाह के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पीटीआई से कहा, टिकटिंग पूरी तरह से फ्रेंचाइजी का विशेषाधिकार है। आईपीएल फ्रैंचाइजी के एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिबंधित वस्तुओं पर कोई भी सलाह हमेशा बीसीसीआई के परामर्श से तैयार की जाती है।
फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने कहा, कोई भी फ्रेंचाइजी बीसीसीआई की सलाह पर क्या करें और क्या न करें की अपनी सूची तैयार करती है और इसलिए अगर इस तरह की कोई सलाह चली जाती है, तो बोर्ड से मंजूरी मिल जाती है, वरना यह वेबसाइट पर दिखाई नहीं देगी। नाम न छापने की शर्तों पर।
हालांकि बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी उपलब्ध नहीं थी, लेकिन सूत्रों ने कहा कि इस बात की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि फीफा ने अपने मेगा इवेंट के दौरान जिन प्रोटोकॉल का पालन किया है, उनका पालन एडवाइजरी जारी करते समय किया गया है।
स्टेडियम में किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने का यह भी एक तरीका है।
बीसीसीआई के एक अधिकारी ने घटनाक्रम पर नजर रखते हुए कहा, ÷कृपया कतर में पिछले साल के विश्व कप फुटबॉल के लिए फीफा के दिशानिर्देशों की जांच करें। फीफा के नियमों के अनुसार,÷ राजनीतिक, धार्मिक या व्यक्तिगत संदेशों या नारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
एक सूत्र के अनुसार, बीसीसीआई इस बात को लेकर सतर्क है कि कोई अपनी शर्ट के नीचे टी-शर्ट पहन सकता है या केवल एक पोस्टर बना सकता है, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति का हो सकता है।
इस तरह का फरमान ऐसी किसी भी गतिविधि को रोकेगा, क्योंकि अगर कोई अन्यथा करता है, तो उसे स्टेडियम के नियमों के उल्लंघन के लिए पकड़ा जा सकता है।
यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि फीफा विश्व कप के दौरान, अलग-अलग देशों के कम से कम सात कप्तान समान-सेक्स संबंधों पर कतर के कानून के विरोध में इंद्रधनुषी झंडे के साथ वन लव आर्मबैंड पहनना चाहते थे।

## जॉर्ज लॉफहेगन ने एकल खिताब जीता

### » फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के एलिस ब्लेक को हराया

**मैसूरु ,02 अप्रैल 2023।** जॉर्ज लॉफहेगन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) मैसूर ओपन 2023 में ऑस्ट्रेलिया के एलिस ब्लेक को 4-6, 6-2, 7-6 (4) से हराकर एकल चैंपियन बने। रविवार को मैसूर टेनिस क्लब में।
मैसूर ओपन के अनुसार, जैसा कि स्कोरलाइन ने सुझाव दिया कि मैच में कई मोड़ और मोड़ आए, इससे पहले गैर-वरीयता प्राप्त ब्रिटन ने आठवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई टीम पर 2 घंटे 49 मिनट में जीत दर्ज की।



यह वास्तव में एक अच्छा टूर्नामेंट था और मुझे यहां खेलने में बहुत मज़ा आया। फाइनल एक कठिन मैच था और मैं पहला सेट हारने के बाद मैच में बने रहने में सक्षम था। यह थोड़ा थका देने वाला था लेकिन जीतने में सक्षम होना अच्छा था शीर्षक,÷ लोफघेन ने मैच के बाद कहा।
पुरस्कार वितरण में महेश्वर राव आईएएस, कर्नाटक स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) के सचिव, और डॉ केवी राजेंद्र, मैसूर के उपायुक्त और टूर्नामेंट की आयोजन समिति के अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। डॉ केवी राजेंद्र ने विजेता को चेक दिया, जबकि राव ने ट्रॉफी प्रदान की।
÷शानदार मैच बनाने के लिए खिलाड़ियों को बधाई। दर्शकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद, क्योंकि वे खिलाड़ियों के ऊर्जा स्तर को बढ़ाते हैं और मैं सभी प्रायोजकों को भी धन्यवाद देता हूं। हम पहले ही एक एटीपी टूर्नामेंट और कुछ अन्य आईटीएफ टूर्नामेंट आयोजित कर चुके हैं। बैंगलोर में और हम और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने की उम्मीद कर रहे हैं ताकि कर्नाटक से नई प्रतिभाएं सामने आएं,÷ महेश्वर राव ने कहा।
÷रोमांचक फाइनल पिछले सप्ताह से हो रही घटनाओं का प्रतीक था। मैं केएसएलटीए को इस कार्यक्रम की मेजबानी करने का अवसर देने के लिए पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता और इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सम्मान की बात थी। एक बड़ा धन्यवाद बड़ी संख्या में आने वाले दर्शकों के लिए। उम्मीद है, हम भविष्य में और अधिक टूर्नामेंटों की मेजबानी करने में सक्षम होंगे,÷ डॉ केवी राजेंद्र ने कहा।
मैच पर नजर डालते हुए ब्लेक ने क्लिनिकल अंदाज में पहला सेट 6-4 से जीत लिया। लेकिन लॉफहेगन ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और सर्व के एक डबल ब्रेक ने ब्रिटिश खिलाड़ी, दुनिया की नंबर 702, को 1-सेट के स्तर पर लाने में सक्षम बनाया।
निर्णायक मुकाबले में लोफहेगन और ब्लेक दोनों बराबरी पर थे, लेकिन ब्लेक ने नौवें गेम में ब्रेक लिया और 5-4 की बढ़त ले ली। जब ब्लेक ने 5-4 पर मैच के लिए सर्विस की तो मैच को खत्म करने की सांस लेने की जगह के भीतर खड़े थे, लेकिन लोफघेन ने इस मौके पर अपनी लड़ाई की भावना दिखाई और स्कोर को 5-5 कर दिया।
ऐसा लगता है कि जो अवसर हाथ से निकल गया, उसने ब्लेक की एकाग्रता को प्रभावित किया क्योंकि वह टाई-ब्रेक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सका। लॉफहेगन ने सेट को बंद कर दिया और आसानी से मैच किया क्योंकि उन्होंने अपनी सर्विस का स्तर भी बढ़ाया।
परिणाम (एकल, अंतिम)
जॉर्ज लॉफहेगन ने (8) एलिस ब्लेक को 4-6, 6-2, 7-6 (4) से हराया।

## क्वितोवा ने रिबाकिना को हराकर खिताब जीता

**मियामी गार्डन्स ,02 अप्रैल 2023।** बारहवीं वरीयता प्राप्त पेत्रा क्वितोवा ने सातवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7 . 6, 6 . 2 से हराकर मियामी ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। चेक गणराज्य की 33 वर्ष की क्वितोवा ने अपने से दस साल छोटी रिबाकिना के 13 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई और उसे लगातार दूसरा खिताब नहीं जीतने दिया।रिबाकिना ने हाल ही में इंडियन वेल्स में भी खिताबी जीत दर्ज की थी।



पुरूष एकल फाइनल में जानिक सिनेर का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनेर ने गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। पुरूष युगल फाइनल में सैंटियागो गोंजालेस और एडुअर्ड रोजर वेसलीन ने आस्टिन क्राइसेक और निकोलस माहूत को 7 . 6, 7 . 5 से हराया।

## मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को हराया

### » फिर बढ़ा दोनों टीमों में तनाव

**मैनचेस्टर ,02 अप्रैल 2023।** मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के अहम मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी लिवरपूल को 4 . 1 से हरा दिया लेकिन दोनों टीमों के बीच एक बार फिर तनाव देखने को मिला। प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में दूसरे स्थान पर काबिज सिटी के प्रशंसकों पर लिवरपूल ने टीम बस पर हमला करने और नफरत भरे नारे लगाने का आरोप लगाया। सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला भी लिवरपूल के सब्स्टीट्यूट कोस्टास सिमिकास और आर्थर मेलो के सामने आक्रामक तरीके से जीत का जश्न मनाते नजर आये। उन्हें इसके लिये माफी मांगनी पड़ी। एक अन्य मैच में आर्सनल ने लीड्स को 4 . 1 से हराकर शीर्ष पर अपनी जगह पुख्ता करके आठ अंक की बढत बना ली। उसने हालांकि सिटी से एक मैच अधिक खेला है। लिवरपूल चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहम से सात अंक पीछे है।



## सुपर ओवर में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराया

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2023।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड के ईडन पार्क में एक सुपर ओवर थ्रिलर निकाला और तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। मेहमान टीम ने अब तक न्यूजीलैंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और अब तक उन्होंने दौरे पर एक भी मैच नहीं जीता है, लेकिन पहले टी20 में जीत निश्चित रूप से उन्हें आगे काफी आत्मविश्वास देगी।
चरिथ असलंका न्यूज़ीलैंड बनाम श्रीलंका पहले टी20ई के हीरो थे क्योंकि उन्होंने दर्शकों के लिए 67 रन बनाए थे जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल थे। कुसल परेरा ने भी 53 रनों की पारी खेलकर असलंका की मदद की और अपनी टीम को 196/5 के कुल स्कोर तक पहुंचाया।अगर लक्ष्य का पीछा करने की बात करें तो न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट और चाड बोवेस को 0 और 2 के स्कोर पर खो दिया। हालांकि, टॉम लैथम और डेरिल मिशेल ने कुछ समय के लिए कीवी पारी को थामने की कोशिश की। , लेकिन जल्द ही लेथम 27 रन पर आउट हो गए। मिशेल ने एक छोर से पारी को संभाला और मार्क चैपमैन के साथ पचास रन बनाए।



नेटिज़न्स ने भी श्रीलंका की रोमांचक जीत पर प्रतिक्रिया दी और ट्विटर पर प्रतिक्रियाओं के साथ आए।
मार्क चैपमैन जल्द ही आउट हो गए लेकिन डेरिल मिचेल ने मेजबान टीम को मैच में बनाए रखा और अपनी टीम के लिए एक बेहद जरूरी अर्धशतक बनाया। अंत में, ब्लैक कैप्स श्रीलंका की पहली पारी के स्कोर के साथ समतल करने में सक्षम थे और 196/8 पर अपनी पारी समाप्त की। मैच सुपर ओवर में गया और न्यूजीलैंड ने निर्धारित छह गेंदों में केवल आठ रन बनाए। श्रीलंका को स्कोर का पीछा करने में कोई कठिनाई नहीं हुई और अंपायर द्वारा नो-बॉल के रूप में दी गई तीसरी गेंद पर मैच जीत लिया। चरिथ असलंका अंत में दर्शकों की जीत के नायक थे।

## किशोर कुमार की बायोपिक में नजर आएंगे रणबीर कपूर



रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन कर रहे हैं। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणबीर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बायोपिक में नजर आएंगे। वह कोलकाता के इडेन गार्डेन में गांगुली के साथ क्रिकेट खेलते हुए भी नजर आए हैं। अब उन्होंने इन खबरों का खंडन किया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह महान गायक किशोर कुमार की बायोपिक पर काम कर रहे हैं।
रिपोर्ट्स के अनुसार रणबीर ने कहा कि किशोर की बायोपिक पर पिछले 11 साल से काम चल रहा है। लोकप्रिय फिल्ममेकर अनुराग बसु इस फिल्म पर काम कर रहे हैं।
रणबीर ने कहा, मैं किशोर कुमार की बायोपिक में पिछले 11 साल से काम कर रहा हूं। हम अनुराग बसु के साथ इसे लिख रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यही मेरी अगली बायोपिक होगी। रणबीर और अनुराग ने पिछली बार 2012 में बर्फी में काम किया था।
हाल ही में रणबीर तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के लिए कोलकाता पहुंचे। यहां उन्होंने गांगुली की बायोपिक की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। इन खबरों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दादा (गांगुली) पर बन रही यह बायोपिक बहुत खास होगी। हालांकि, दुर्भाग्य से मुझे ये फिल्म ऑफर नहीं हुई है। मुझे लगता है कि लव फिल्म्स के निर्माता अभी भी पटकथा लिख रहे हैं।
इससे पहले रणबीर ने संजय दत्त की बायोपिक संजू में अभिनेता का किरदार निभा चुके हैं। यह फिल्म 2018 में आई थी। फिल्म में संजय के हावभाव को उन्होंने हूबहू पर्दे पर उतारा था, जिसके लिए उन्हें खूब प्रशंसा मिली थी। उन्होंने संजय के अलग-अलग उम्र के पड़ावों को बेहतरीन तरीके से निभाया था। इसके बाद रणबीर की किसी भी बायोपिक से उनसे प्रशंसकों और समीक्षकों की उम्मीदें दोगुनी होंगी।
रणबीर पिछली बार फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आए थे। उनकी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार 8 मार्च को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं। इस फिल्म में उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल का हिस्सा हैं। इस फिल्म में उनके साथ अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। रणबीर की यह फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज होगी।
बॉलीवुड में आने वाले समय में कई बायोपिक देखने को मिलेंगी। हाल ही में अनुराग ने जासूस रविंद्र कौशिक की बायोपिक का ऐलान किया था। मेघना गुलजार फील्ड मार्शल शैम मानेक शॉ की बायोपिक बना रही हैं। इस फिल्म में विक्की कौशल उनका किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा कीर्ति चक्र से सम्मानित रुखसाना कौसर की बायोपिक में श्रद्धा उनका किरदार निभाएंगी।



## ओवर साइज टीशर्ट पहनकर सुरभि चंदना ने बिखेरा हुस्न का जलवा

एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने ओवर साइज टीशर्ट पहन रखी हैं, जो उनकी बोल्डनेस को और बढ़ा रही हैं। वहीं, इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने बेहद ही सिजलिंग पोज दिए, जिन्हें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। व्हाइट कलर की ओवर साइज टीशर्ट में एक्ट्रेस सुरभि चंदना गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लॉन्ग बूट के साथ एक्ट्रेस ने बड़े ईयरिंग्स के साथ कई स्टनिंग पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने उन्हें पैंट न पहनने को लेकर ट्रोल भी किया, यूजर्स बोले- पैसे क्या खत्म हो गए थे दीदी इश्कबाज से फेम पाने वाली एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपने हुस्न का जादू फैंस पर चलाना बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों को घायल करती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुरभि चंदना ने इश्कबाज, नागिन, संजीवनी और शेरदिल शेरगिल जैसे टीवी शोज में काम किया है। एक्ट्रेस सुरभि चंदना को इश्कबाज और शेरदिल शेरगिल से काफी पहचान मिली। सुरभि चंदना की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन-फॉलोइंग है, उनके इंस्टाग्राम पर 5.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपनी निजी और प्रोफेशनल पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस सुरभि चंदना की तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं।













## शाहिद की वेब सीरीज फर्जी बनी ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज




शाहिद कपूर,केक मेनन, विजय सेतुपति राशि खन्ना स्टारर वेब सीरीज 'फर्जी' रिलीज होने के बाद से ही फैंस के मध्य सुर्खियां बटोरती हुई दिखाई दे रही है। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई 'फर्जी'नए नए रिकॉर्ड भी बनती ही दिखाई दे रही है। जिसमे एक प्रोफेशनल आर्टिस्ट की भूमिका निभाने वाले शाहिद की नकली नोट बनाने वाली कहानी लोगों को बहुत पसंद आया। बहुत से क्रिटिक्स ने 'फर्जी' में शाहिद के काम को उनके करियर की सबसे बेहतरीन परफॉरमेंस में से एक बोला है। इसी के साथ हाल ही में, एक सर्वे करने के उपरांत फर्जी वेब सीरीज को अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली इंडियन सीरीज घोषित किया गया है। फर्जी ने किया मिर्जापुर और पंचायत 2 को पीछेः फर्जी के माध्यम से शाहिद कपूर ने ओटीटी डेब्यू किया है। सीरीज में शाहिद कपूर ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है। इस सीरीज का पहला ही सीजन रिलीज़ कर दिया गया है । इसका दूसरा सीजन आना बाकी है जो कि बहुत दिलचस्प होगा। 10 फरवरी को रिलीज हुई सीरीज फर्जी ने अब तक 37 मिलियन से अधिक व्यूअर्स पूरे कर लिए हैं। यानी करीब तीन करोड़ 70 लाख लोगों ने ये सीरीज़ ओटीटी पर देखी है।

CMYK

# कांग्रेसियों पर जबरन ईडी कार्यवाही पर बरसे भूपेश बघेल

## बीजेपी पर प्रहार,धर्म के नाम पर लड़ाते रहो,वोट कमाते रहो

» सीएम भूपेश ने भाजपा पर साधा निशाना

» आरक्षण विधेयक को लेकर दी ये बड़ी जानकारी

» कांग्रेसियों को मार-मार के जबरदस्ती साइन करा रही ईडी,

» छापे में क्या मिला ये नहीं बता रही

**रायपुर,02अप्रैल2023(ए)।** सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। सीएम ने कहा ङ्क भाजपा के लोग इतने किसान विरोधी हैं कि 20 क्विंटल धान/एकड़ की खरीदी का भी विरोध कर रहे हैं। इसी भेंट मुलाकात कार्यक्रमों में मैं कवर्धा, जांजगीर, महासमुंद, बालोद सब जगह गया। किसानों ने एक ही मांग कि आप 9 हजार रुपए प्रति एकड़ दे रहे हैं, समय पर पैसा मिल रहा है, सरकार ने जो सुविधाएं उपलब्ध कराई उससे खेती में मदद मिल रही है। नए टेक्नॉलॉजी उपयोग कर रहे हैं जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई है। किसानों की एक ही मांग थी कि 20 क्विंटल कर दिया जाए।

भाजपा इसका भी विरोध कर रही हैं कि 20 क्विंटल प्रति एकड़ नहीं खरीदा जाना चाहिए। और इस प्रकार से भाजपा नेताओं का बयान आ रहा है। ये इतना किसान विरोधी हैं। इससे इस बात का पता चलता है कि ये किसानों की आय दुगुनी करने की बात करते जरूर हैं लेकिन किसानों की आय दुगुनी नहीं करना चाहते। इनका केवल यही ही कि धर्म के नाम पर लड़ाते रहो और वोट कमाते रहो। आरक्षण विधेयक पर सीएम ने कहा कि मैंने आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल को पत्र अभी लिखा है। राज्यपाल को आरक्षण समेत कुछ मुद्दों पर पत्र लिखकर हस्ताक्षर किया है। हमारे छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है और शासकीय नौकरी में भर्ती रुका हुआ है। इसलिए मैं आरक्षण से मांग करता हूं उन्हें फैसला करना चाहिए।

ईडी के छापे पर उन्होंने कहा कि पूरे देश भर में अगर कहीं छापा पड़ा है तो वो छत्तीसगढ़ में पड़ा है। पिछले एक महीने में देखें, जब से हमारा अधिवेशन शुरु हुआ है उस समय से लेकर अब तक 50 ठिकानों पर छापे पड़ चुके हैं। लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं सन्नी अग्रवाल, गिरीश देवांगन, विनोद तिवारी और उद्योगपति, व्यापारी के यहां कितनी राशि मिली यह नहीं बताई गई।



इसका अर्थ यह है कि यह राजनीति से प्रेरित छापा है, अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है, सेंट्रल एजेंसी का दुरुपयोग किया जा रहा है। हम आरोप लगाते आ रहे हैं जो सही सिद्ध होता जा रहा है। पूरे देश भर से महाराष्ट्र, गोवा, एमपी, नागपुर, दिल्ली से टीम आ रही है। सब जगह से आकर यहां बैठे हुए हैं।

अगर थोड़ी बहुमत में हम होते तो विधायक तोड़ने की कोशिश होती लेकिन जनता के आशीर्वाद से हम 71 सीट पर हैं। तो वो फॉर्मूला यहां पर लागू नहीं होता। सिर्फ श्रष्ठ के लोगों को यहां बैठा दो और रोज छापे मारो। ईडी को जो अधिकार मिला है उसका दुरुपयोग होता दिखाई दे रहा है।

पूरे देश में खरीद-फरोख्त से सरकारें बनाने की कोशिश करने वाली भाजपा छत्तीसगढ़ में यह कोशिश नहीं कर पाई क्योंकि जनता ने हमें प्रचंड बहुमत दिया। इसलिए अब लगातार श्रष्ठ के छापे पड़ रहे हैं, पूरे देश में सबसे अधिक छापे छत्तीसगढ़ में ही पड़े हैं। लेकिन जनता सब देख रही है।

सीएम ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार के हम खिलाफ हैं। लेकिन छापा डाल रहे हैं तो तय करें कि राजनीति के उद्देश्य से डाल रहे हैं या मनी लॉन्ड्रिंग के लिए कर रहे हैं। 50 जगह छापा मारे तो कितना पैसा जब्त किया गया। और मारपीट कर रहे हैं, मार-मार कर लिखवा रहे हैं। आपके पास प्रमाण है तो मारने की क्या जरुरत है। पैसा है, बेनामी संपत्ति है जब्त करते, कार्रवाई करते दिखाते कागज दस्तखत कराते। इस मामल में मैंने और प्रधानमंत्री से मुलाकात में भी लिखा है कि ईडी मार-मार कर दस्तखत करवा रही है। बेरोजगारी भत्ता पर उन्होंने कहा कि 2003-04 में भाजपा ने बेरोजगारी भत्ता देने का फैसला किया था। तब मात्र 300 रुपए प्रति माह था, 2012-13 में इसे 1000 रुपए किया गया। 2016-17 में इसे बंद कर दिया गया। पूरे 15 साल में भाजपा द्वारा मात्र 100 करोड़ रूपए बेरोजगारी भत्ता का भुगतान किया गया। जबकि हमने इसी साल के बजट में 250 करोड़ बजट का प्रावधान किया है।

भाजपा के समय गरीबी रेखा के नीचे के लोगों को बेरोजगारी भत्ता देने का नियम था जबकि हमने ऐसा कोई नियम नहीं रखा है। हमने ढाई लाख रूपए वार्षिक आय की सीमा रखी है जबकि भाजपा के समय में 1 हजार रुपए वार्षिक आय की सीमा थी। उनके शासन काल में भी 2 साल पुराना पंजीयन जरुरी था, हमारे में भी 2 साल है।

उनके समय में प्रक्रिया जटिल थी। आवेदन को डाक में भेजना था, खुद उपस्थित होना था, सत्यापन के लिए जनपद कार्यालय में आना था, भत्ते के भुगतान के लिए पोस्ट डेटेड चेक की जरुरत होती थी। हमारे समय में प्रक्रिया बेहद सरल है। ऑनलाइन पोर्टल है, घर बैठे आवेदन की सुविधा है,सत्यापन के लिए नजदीकी केंद्र है, भत्ते की राशि आवेदन करने वालों को बैंक खाते में दी जाएगी।

अभी तक 1 इन में 6 हजार आवेदन आ चुके हैं। इस महीने जो लोग फॉर्म भरेंगे उन्हें 1 अप्रैल के तहत ही दिया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता पहली बार दिया जा रहा है ऐसा नहीं है। लेकिन भाजपा के समय में प्रक्रिया बेहद कठिन थी और हमारे समय में आसान है। उनके समय में राशि बेहद कम थी हमारे समय में राशि बढ़ाकर दी जा रही है।

# सीएम भूपेश की पहल का हुआ आगाज

» प्रगणक दल सर्वे के लिए मोबाइल लेकर पहुंचे घर-घर

**रायपुर,02अप्रैल2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में एक अप्रैल 2023 से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 शुरू गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने आज अपने राजधानी रायपुर के निवास कार्यालय परिसर से सर्वेक्षण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सर्वेक्षण का कार्य प्रदेशभर में 01 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा। राज्य के सभी जिलों में आज प्रगणक दलों ने मोबाइल लेकर घर-घर दस्तक दे रहें हैं। मोबाईल ऐप्लीकेशन के माध्यम से दलों ने सर्वेक्षण से संबंधित डाटा संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है। सर्वेक्षण के पहले दिन सभी जिलों के कलेक्टर ने प्रगणक दलों से चर्चा करते हुए सर्वेक्षण के संबंध में उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया।



सर्वे में कोई भी परिवार न छूटे और सभी इसमें शामिल हो सके, इसके लिए मकानों पर ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में लिखा जा रहा है ताकि यह जल्दी न मिटे। घर के सामने परिवार के मुखिया के साथ फोटो लेकर प्रपत्र के अलावा रजिस्टर में एंट्री की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों ने भी प्रगणक दलों के साथ मिलकर लोगों को सर्वे में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

सर्वेक्षण के दौरान मकानों की नंबरिंग और पोर्टल में जानकारियों की ऑनलाइन और ऑफलाइन एंट्री के साथ ही दलों ने लोगों से परिवार के मुखिया की जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, प्रधानमंत्री आवास, धान विक्रय का किसान पंजीयन क्रमांक, आधार नंबर, राशन कार्ड में परिवार की सूची, नरेगा जॉब कार्ड, परिवार की भूमि, परिवार की वार्षिक आय, सिंचाई साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, घर कच्चे या पक्के मकान, परिवार के कितने सदस्यों ने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया, मोबाइल नंबर, उज्जवला गैस कनेक्शन की जानकारी ली। सर्वे के दौरान रोजगार जैसे- कृषि कार्य, स्वरोजगार, शासकीय नौकरी, निजी नौकरी, मजदूरी, बेरोजगारी की जानकारी लेकर मोबाईल ऐप्लीकेशन में एंट्री की गई।

सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और नई योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किया जाना है। सर्वेक्षण से विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी अब नवीन सूची में शामिल हो पाएंगे और उन्हें पात्रता के अनुसार शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सकेगा।

### मुंगेली कलेक्टर ने स्वयं दो ग्रामीणों की जानकारी पोर्टल में एंट्री की

मुंगेली जिले में कलेक्टर राहुल देव ने विकासखंड मुंगेली के ग्राम चातरखार में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया और स्वयं दो लोगो की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में पोर्टल के माध्यम से एंट्री किया। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण हेतु चाही गई सभी आवश्यक जानकारी प्रपत्र में त्रुटिरहित भरने के निर्देश दिए।

कांकेर जिले में कुल 454 ग्राम पंचायतों में 736 प्रगणक दल और 180 पर्यवेक्षक सर्वेक्षण कार्य में जुटे है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुमीत अग्रवाल ने जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम पंचायत अमोड़ा के ग्राम कोर्राम पारा, ढोढरापहर और खदरवाही ग्राम में किए जा रहे सर्वेक्षण का निरीक्षण किया।

बलरामपुर जिले में कलेक्टर विजय दयाराम के. और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेना जमील ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंन बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम भनौरा, दहेजवार, जाबर, पचावल एवं महाराजगंज पहुंचकर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यों का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया।

# जोगी कांग्रेस नहीं उतारेगी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार

» अमित जोगी ने दिए संकेत

» आम आदमी पार्टी किंगमेकर बनने की तैयारी में

**रायपुर,02अप्रैल2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी पार्टी जोगी कांग्रेस 2023 के विधानसभा चुनाव पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इसका इशारा पार्टी के मुखिया अमित जोगी ने ट्वीट कर दी है। अमित जोगी ने 2 अप्रैल को किए गए ट्वीट में लिखा है कि मेरे लिए मेरी मां का स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ की सत्ता से कहीं ज्यादा सर्वोपरि है। जब तक वह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती। तब तक मैं उनके साथ साये की तरह रहूंगा।



बता दें कि अमित जोगी के इस ट्वीट को छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बड़े उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। जोगी परिवार के चुनावी मैदान में दूर रहने के फैसले ने सबको चौका दिया है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जकांछ ने तीसरे मोर्चे के रूप में बड़ी भूमिका निभाई थी।

इस बार आने वाले विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस की भूमिका को लेकर विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि आने वाले समय में कांग्रेस का सीधा मुकाबला बीजेपी से होगा वहीं तीसरे मोर्चा के रूप में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में तेजी से अपना संगठन मजबूत करती दिख रही है।

### संदीप पाठक का छत्तीसगढ़ में डेरा

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक छत्तीसगढ़ में डेरा डाले हुए हैं। पाटी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय और खुद पंजाब के सीएम भगवंत मान और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल छत्तीसगढ़ का दौरा कर चुके है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी किंगमेकर बन कर उभार सकती है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक तीसरा मोर्चा राजनीतिक विकल्प बन नहीं पाया

हालांकि छत्तीसगढ़ में अब तक तीसरा मोर्चा राजनीतिक विकल्प बन नहीं पाया है। पिछले विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस ने बीएसपी के गठबंधन में चुनाव में उतरा था। चुनावी नतीजों में जोगी कांग्रेस और बीएसपी के गठबंधन के पांच उम्मीदवार जीत कर विधानसभा में पहुंचे थे। जिनमें से पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी और कवर्धा विधायक देवव्रत सिंह का निधन हो चुका है

वहीं लोरमी पंडरिया विधायक धर्मजीत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से पार्टी से निष्कासित किया गया है। वर्तमान में जोगी कांग्रेस के केवल दो विधायक रेणु जोगी और प्रमोद शर्मा ही बचे हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी के 2 विधायक जीत हासिल करने में सफल रहे।

# सीएम भूपेश बघेल का बड़ा ऐलान

» नाचा समितियों को दिए जाएंगे 10-10 हजार रुपए

**रायपुर,02अप्रैल2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के दौरे पर ग्राम निकुम पहुंचे। सीएम यहां स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव में शामिल हुए। तीन दिवसीय नाचा महोत्सव का आज अंतिम दिन था। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और वन मंत्री मोहम्मद अकबर भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने नाचा का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अभाव को प्रहसन के माध्यम से बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के कला जगत के पुरोधा स्वर्गीय डॉ रामचंद्र देशमुख जी ने राज्य की संस्कृति को पुनर्जीवित किया। उन्होंने कहा कि देशमुख जी ने नाचा कलाकारों को नए ढंग से प्रशिक्षण देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से देश विदेश में अपनी संस्कृति को बढ़ावा दिया।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर




प्रयास किया जा रहा है। हरेली, विश्व आदिवासी दिवस, कर्मा जयंती, छेरछेरा आदि अन्य पर्व में स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें 26 लाख प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के पुरस्कार के लिए 21 करोड़ तथा 25 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है।

मुख्यमंत्री ने नाचा समितियों को प्रोत्साहन स्वरूप 10-10 हजार रुपए देने की भी घोषणा की और कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति में कैसे सुधार हो, यह सुझाव विचारणीय है। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता के रूप में पहचाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां इनपुट सब्सिडी और समर्थन मूल्य मिलाकर किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य दिया जा रहा है। अगले खरीद सीजन से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल की जा रही है। उन्होंने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर और श्री दीपक तारम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा मंच में ÷चेत करो तन के÷ पुस्तक का विमोचन भी किया।

# रिटायर्ड डीजी डीएम अवस्थी को मिली संविदा नियुक्ति

**रायपुर,02अप्रैल2023(ए)।** 31 मार्च को भारतीय पुलिस सेवा से रिटायर हुए डीएम अवस्थी को सरकार ने एक बार फिर नियुक्ति दे दी है। ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो के डायरेक्टर डीएम अवस्थी की नियुक्ति पर मुहर लगा दी गई है।



उन्हें ईओडब्ल्यू और एसीबी में दोबारा पदस्थ किया जाएगा। डीएम अवस्थी की अभी सिर्फ संविदा नियुक्ति का आदेश जारी हुआ है। उन्हें ओएसडी बनाया गया है।

डीएम अवस्थी तीन सालों तक छत्तीसगढ़ के डीजीपी रहे। उसके बाद पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाली। तीन महीने पहले ही उन्हें ईओडब्ल्यू और एसीबी का डायरेक्टर बनाया गया था।

# राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के खिलाफ पूरे देश में निकाली जा रही मशाल रैली

**रायपुर,02अप्रैल2023(ए)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा रायपुर दौरे पर हैं. जहां पार्टी के पदाधिकारियों से कई मुद्दों पर चर्चा करेंगी. इस दौरान कुमारी सैलजा ने कहा, जो राहुल गांधी जी के साथ हुआ, जिस प्रकार से उनकी लोकसभा की सदस्यता को भंग कर उन्हें निष्कासित किया गया. देशभर में इस बात के खिलाफ एक आवाज गूंज रही है. खासतौर से जो हमारा युवा वर्ग है जो बहुत ही उत्तेजित है।

आगे उन्होंने कहा, इसके विरोध में रायपुर में मशाल रैली निकाली जा रही है. कल बिलासपुर में होगा. साथ ही ये



रैली पूरे प्रदेश में निकाली जा रही है. इसके अलावा भी और कई कार्यक्रम होंगे. उन्होंने यह भी बताया कि, कल हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस हर ब्लॉक में हुई. उससे पहले हमने प्रदेश के हेड क्वार्टर पर किया. आप देखेंगे कि आने वाले समय में यह संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। राहुल गांधी अपील नहीं करने को लेकर कुमारी शैलजा ने कहा, ये कानूनी बात है।

# जवानों ने झुंगड़ा में एक नक्सली स्मारक ध्वस्त किया



**कांकेर, ,02अप्रैल2023(ए)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कोयलीबेड़ा थाना पुलिस के जवानों ने कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुंगड़ा में नक्सलियों द्वारा मारे गए नक्सलियों की याद में नक्सली स्मारक बना रखा था, अभियान के दौरान जवानों ने 01 नक्सली स्मारक ध्वस्त कर दिया है। नक्सल प्रभावित कोयलीबेड़ा क्षेत्र के कई इलाकों में इन दिनों लगातार नक्सली वारदातों को देखते हुए सर्चिंग तेज कर दिया गया है।

# पुलिस ने घेराबंदी कर 3 नक्सलियों को किया गिरफ्तार



**बस्तर ,02 अप्रैल 2023(ए)।** जिले से बड़ी खबर सामने आयी है यहां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां नक्सली गरत सर्चिंग पर थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम डुटा, जुंगड़ा, चिलपरस, पानीडोबीर के ओर रवाना हुये थे। गस्त सचिंग के दौरान आरोपी माओवादी सुगंद उर्फ सुमन आंवला, संजय उसेण्डी, परसराम धनगुल पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। कोयलीबेड़ा क्षेत्र का मामला।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिरों द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार उक्त जगह घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ा। थाने के अपराधों में जारी स्थायी वारेट के अपराध के संबंध में तथा विभिन्न माओवादी घटनाओं के संबंध में पर उक्त आरोपियों द्वारा माओवादी संगठन में सक्रिय सदस्य के रूप में काम करना तथा थाने के विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल होकर अन्य माओवादी साथियों के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया।

उक्त आरोपी माओवादियों सदस्यों के द्वारा सड़क निर्माण में लगे वाहनों पर आगजनी, टावर में आगजनी तथा मुखाबरी के शक पर आम जनता से मारपीट करना, क्षेत्र में दहशत, आतंक फैलाना आदि अपराधिक कृत्य किया जा रहा था। आरोपी सुमंद उर्फ सुमन जांचला पूर्व में नक्सल मामले में जेल जा चुका है। आज तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

**तीनों आरोपियों के नाम-**

(01) समुंद्र उर्फ सुमन सिंह आंचला पिता स्व. सुक्कु आंचला उम्र 42 वर्ष, साकिन हुतुलबेड़ा पानीडोबीर

(02) संजय कुमार उसेण्डी पिता देवनू राम उसेण्डी, उम्र 27 वर्ष, साकिन हुतुलबेड़ा पानीडोबीर

(03) परसराम धनगुल पिता स्व. मेहत्तर राम धनगुल, उम्र 55 वर्ष, साकिन तुलबेड़ा पानीडोबीर।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)